




बालाघाट म.प्र. से प्रकाशित एवं बालाघाट, सिवनी (म.प्र.) एवं गोंदिया भंडारा (महा.) मे एक साथ प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 23 अप्रैल 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 85 | मूल्य - 5 रुपये














## मिर्जापुर में भीषण सड़क हादसा, ट्रक और बोलेरो की टक्कर में 11 लोगों की मौत..

मिर्जापुर।

***यूपी के मिर्जापुर में बुधवार की देर शाम दर्दनाक हादसा हो गया। म.प्र. से चना लादकर आ रहे ट्रक में एक बोलेरो ने पीछे से टक्कर मार दी। ट्रक से टकराने के बाद बोलेरो में आग लग***

गई। जब तक गाड़ी के अंदर बैठे लोग निकल पाते इससे पहले ही बोलेरो ने आग पकड़ ली और धू-धूकर जलने लगी। देखते ही देखते कार के अंदर बैठे 11 लोग जिंदा जल गए।

घटना से चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना देकर बुलाया। आग बुझाने और राहत कार्य जारी है। जानकारी के अनुसार बुधवार की देर शाम करीब साढ़े आठ बजे एक ट्रक मध्यप्रदेश के ड्रमंडगंज घाटी से मिर्जापुर की ओर ढलान से नीचे उतर रहा था, उसके पीछे एक छोटी गाड़ी यूपी 65 एमपी 4038 थी, इसके पीछे एक खाद्यान्न लदा ट्रक था, दोनों ट्रक के बीच में चल रही छोटी गाड़ी दबकर पूरी तरह चिपक गई है। इस हादसे के बाद सबसे पीछे वाले ट्रक में एक बोलेरो गाड़ी यूपी 63 एसी 5589 पीछे ने आकर टक्कर मार दी। लोगों के अनुसार हादसे के बाद बोलेरो में सवार लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिल पाया। सभी गाड़ी के अंदर से जल गए। हालांकि ग्रामीणों ने बोलेरो में लगी आग को बुझा प्रयास किया लेकिन आग इतनी तेज थी कि ग्रामीण उसके पास भी नहीं जा सके। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। आग को किसी तरह से बुझाया गया। गाड़ी के अंदर से अब तक नौ लोगों के शव बरामद हुए हैं।, जबकि 11 लोगों की मौत बताई जा रही है। ट्रक/वाहनों को आगे खिंचवाकर मौके से घायल/मृतकों को निकाला जा रहा है। मौके पर 02 सीओ, 05 एसएचओ, 02 फायर टेंडर मय फोर्स मौजूद हैं।


## आवश्यकता है..

बच्चों की देख रेख के लिये युवती की आवश्यकता है। वेतन 18000/- एवं रहना खाना घर में ही। पढाई कम से कम 12 वी अनिवार्य। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520


### पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव

## पहले चरण की वोटिंग आज, बीजेपी और टीएमसी ने लगाया पूरा जोर..

कोलकाता।

***पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के पहले चरण के लिए आज मतदान का दिन है। इस बार के चुनाव में खान-पान की आदतों, सीमा पार से घुसपैठ, समान नागरिक संहिता और संशोधित मतदाता सूची जैसे मुद्दे छाए रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस ने 23 अप्रैल को उत्तरी बंगाल के 152 निर्वाचन***

क्षेत्रों और राज्य के दक्षिणी हिस्से के कई जिलों में मतदान से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए पूरा जोर लगा दिया। निर्वाचन आयोग के अनुसार, इस चरण में 3.60 करोड़ से अधिक मतदाता मतदान कर सकेंगे। इन मतदाताओं में लगभग 1.84 करोड़ पुरुष, 1.75 करोड़ महिला और 465 तृतीय लिंग के मतदाता शामिल हैं।

### वोटिंग के पहले माहौल गर्म

पश्चिम बंगाल में पहले चरण की वोटिंग से ठीक पहले राजनीतिक माहौल बेहद गर्म हो गया है। एक तरफबीजेपी नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया है कि इस बार 'कोई खेला नहीं होगा' और राज्य में बदलाव तय है, वहीं दूसरी तरफममता बनर्जी ने जवाब देते हुए कहा कि 'खेला तो होगा, और दुर्दांत खेला होगा।' उन्होंने इसे लोकतंत्र का 'बदला' भी बताया। बता दें कि पहले चरण में राज्य की 152 सीटों पर सुबह 7 बजे से मतदान शुरू होना है और इन सीटों पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पोलिंग बूथ्स पर श्वङ्करूपहुंच चुकी हैं, ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे लगाए जा चुके हैं और सुरक्षा बलों की तैनाती पूरी हो गई है।

### हर 100 वोटर्स पर एक जवान..

जिन 152 सीटों पर मतदान होना है उनमें उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार, कूच बिहार, जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग, कलिम्पोंग, उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर तथा मालदा की 54 सीटें शामिल हैं। इसके अलावा मुर्शिदाबाद (22), बीरभूम (11), बांकुड़ा (12), पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर (31), पश्चिम वर्धमान (9), पुरुलिया (9) और झाड़ग्राम (4) सीटों पर भी मतदान होगा। इस बार चुनाव में सुरक्षा के बेहद कड़े इंतज़ाम किए गए हैं। पहली बार लगभग 2407 कंपनियों के साथ ढाई लाख से ज्यादा केंद्रीय सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। यानी औसतन हर 100 वोटरों पर एक जवान मौजूद रहेगा।

### सुरक्षाबलों की तैनाती गई गुना बढ़ी

मतदान को सुचारु रूप से कराने के लिए मुर्शिदाबाद में 316 कंपनियां, पूर्वी मेदिनीपुर में 273 कंपनियां, उत्तर दिनाजपुर में 132 कंपनियां तैनात की गई हैं और इसके अलावा जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, दार्जिलिंग और अन्य जिलों में भी भारी तैनाती हुई है। बता दें कि 2021 के चुनाव में केवल 725 कंपनियां तैनात थीं, जबकि इस बार यह संख्या कई गुना बढ़ाई गई है। इसके अलावा इसके अलावा वोटिंग से 4-5 दिन पहले ही शराब की दुकानें बंद कर दी गई हैं। वोटिंग से पहले 12 घंटे बाइक पर प्रतिबंध लगा है, बाहरी लोगों को इलाकों से बाहर किया गया है और एक-एक गतिविधी की कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग हो रही है।

### चुनाव आयोग पर ममता का हमला

ममता बनर्जी ने इन इंतज़ामों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि चुनाव को 'जंग' में बदल दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग बीजेपी को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रहा है और आम लोगों को वोट देने से रोका जा रहा है। ममता ने यह भी कहा कि बीएलओ को निर्देश दिए गए हैं कि वे 100 में से केवल 25 लोगों को ही वोटिंग स्लिप दें, जो लोकतंत्र के खिलाफहै। वहीं सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया कि पहले चरण में बीजेपी 90त्न सीटें जीत सकती है। उन्होंने कहा कि यह बीजेपी का कोर क्षेत्र है और इस बार मुस्लिम वोटर भी बीजेपी का समर्थन करेंगे।

### पिछले चुनावों में कैसा रहा था प्रदर्शन?

पहले चरण की 152 सीटों पर पिछले चुनाव में टीएमसी ने 92 सीटें जीती थीं, जबकि बीजेपी को 59 सीटें मिली थीं। इस बार दोनों ही दल अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में हैं। माना जा रहा है कि पहले चरण की वोटिंग बंगाल की राजनीति की दिशा तय कर सकती है। एक तरफकड़ी सुरक्षा और चुनाव आयोग की सख्ती है, तो दूसरी तरफनेताओं के तीखे बयान। अब यह जानने के लिए सबकी नजरें 4 मई पर ही होंगी कि आखिर इन चुनावों में जनता किसके पक्ष में फैसला सुनाती है।









## प्रधानमंत्री को 'आतंकवादी' कहने पर नोटिस जारी कर निर्वाचन आयोग ने मल्लिकार्जुन खरगे से मांगा स्पष्टीकरण

नई दिल्ली। (भाषा)।

निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ''आतंकवादी'' कहे जाने का बुधवार को गंभीरता से संज्ञान लिया और उन्हें नोटिस जारी किया। आयोग के अधिकारियों ने यह यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खरगे से 24 घंटे के भीतर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा गया है।

यह नोटिस तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में मतदान से एक दिन पहले जारी किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने चेन्नई में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अन्नाद्रमुक के भाजपा के साथ गठबंधन की आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री को आतंकवादी कहा था। हालांकि, जब पत्रकारों ने उनसे टिप्पणी के संदर्भ को स्पष्ट करने पर जोर दिया तो कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उनका मतलब था कि प्रधानमंत्री देश के लोकतांत्रिक ताने-बाने को आतंकित कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था, ''वह (मोदी) लोगों और राजनीतिक दलों को आतंकित कर रहे हैं। मैंने कभी नहीं कहा कि वह (शाब्दिक अर्थ में) आतंकवादी हैं। आतंकित करने का यह अभिप्राय है... वह अपने पद की शक्ति और सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रहे हैं और विपक्षी दलों को अपशब्द कह रहे हैं।''





भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को निर्वाचन आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कराई और खरगे के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल में निर्मला सीतारमण समेत तीन केंद्रीय मंत्री शामिल थे। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में सीतारमण ने कहा, ''आज हम आयोग के समक्ष उपस्थित हुए ताकि उसका ध्यान इस ओर आकर्षित किया जा सके कि कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता जैसे प्रतिष्ठित व्यक्ति ने इतने निंदनीय शब्दों का प्रयोग किया है।''प्रतिनिधिमंडल में शामिल केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने खरगे की इस टिप्पणी को 'घृणित कृत्य' बताया। रीजीजू ने पत्रकारों से कहा, '' हमने कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। हमने यह भी मांग की है कि खरगे और कांग्रेस को देश से माफी मांगने का निर्देश दिया जाए।''

### नैतिक अधिकार खो चुके हैं ज्ञानेश कुमार, इस्तीफा दें: कांग्रेस

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री को ''आतंकवादी'' कहने के मामले में निर्वाचन आयोग द्वारा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को नोटिस जारी किए जाने के बाद कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से इस्तीफा देना चाहिए क्योंकि वह पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार पूरी तरह खो चुके हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि आयोग गृह मंत्रालय के अधीन एक कार्यालय के रूप में काम कर रहा है और इतिहास ज्ञानेश कुमार को एक ''कायर'' के तौर पर याद करेगा। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अब निर्वाचन आयोग को झूठ बोलते हुए और खुलेआम धोखाधड़ी करते हुए पकड़ा गया है। इसके लिए शर्मनाक एक हल्का शब्द होगा।'' उन्होंने कहा, ''सीईसी को इस्तीफा दे देना चाहिए। वह पद पर बने रहने का नैतिक अधिकार पूरी तरह खो चुके हैं।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
# जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

## ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति का हुआ विस्तार सिवनी जिले में ब्राडगेज रेल आंदोलन होगा तीव्र..





जगप्रेरणा सिवनी।

***सम्पूर्ण महाकौशल क्षेत्र में रेल सुविधाओं को और अधिक व्यापक बनाने ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह बैस ने संगठन का विस्तार किया है***

जिसमें सिवनी जिले के उर्जावान युवा नेता अतुल मालू को राष्ट्रीय महासचिव बनाया है तथा जयप्रकाश परिहार को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में मनोनीत कर जिला अध्यक्ष सिवनी का कार्यभार युवा छात्र नेता शक्ति सिंह जडेजा को सौंपा है, साथ ही मिडिया प्रभारी राजिक अकील को बनाया गया है, इसके अलावा केवलारी अध्यक्ष दिनेश ठाकुर, कान्हीवाडा अध्यक्ष एम नईम खान, छपारा अध्यक्ष संजय सिंह बैस, बंडोल अध्यक्ष विनोद पुरोहित, कुरई अध्यक्ष शिवनारायण उइके, भोमा अध्यक्ष डालचंद पुसाम, गोपालगंज अध्यक्ष ईशा ख़ान, धूमा अध्यक्ष हिमांशु मोनू तिवारी, खवासा अध्यक्ष फ़ारुख शकिर खान, गंगेरुवा अध्यक्ष नीलकंठ बाहेशवर को बनाया गया है।

ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप सिंह बैस ने बताया कि सिवनी बरघाट कटंगी नयी रेल लाइन का सर्वे कार्य स्वीकृत होने के बाद कार्य को प्रारंभ करने तथा गोंदिया बालाघाट जबलपुर मंडला नैनपुर सिवनी छिंदवाड़ा नागपुर डबल रेल लाइन को प्राथमिकता के साथ जल्द पूर्ण कराने के संकल्प और आगामी दिनों में रेल आंदोलन को और अधिक व्यापक असरदार बनाने ब्राडगेज रेल संघर्ष समिति का विस्तार किया जा रहा है तथा जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है।

## तीन गांव के किसानों को मिलेगा सिंचाई हेतु पानी..

### तिनसा जलाशय बना क्षेत्र के लिए वरदान..



जगप्रेरणा छपारा।

***नगर परिषद क्षेत्र के ग्राम तिनसा के समीप घने जंगल में सिंचाई विभाग द्वारा नव-निर्मित तिनसा जलाशय अब क्षेत्र के किसानों के लिए एक बड़ी सौगात***

साबित हो रहा है। यह जलाशय तिनसा, चन्देनी और गहरा नाला के किसानों के लिए सिंचाई का प्रमुख स्त्रोत बनेगा, जिससे आने वाले समय में कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा और किसानों की फ़सल उत्पादन क्षमता में भी वृद्धि होगी।

छपारा नगर से मात्र 2 से 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह जलाशय दो पहाड़ियों के बीच प्राकृतिक वातावरण में निर्मित किया गया है। इसका दृश्य अत्यंत मनमोहक और आकर्षक है, जो लोगों को अपनी ओर खींचता है। क्षेत्रवासी इसे अब केवल सिंचाई स्त्रोत के रूप में ही नहीं बल्कि पर्यटन स्थल के रूप में भी देखने लगे हैं। छुट्टी के दिनों में यहां बड़ी संख्या में लोग पिकनिक मनाने पहुंचते हैं और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हैं। शीतकाल के मौसम में जलाशय के आसपास का दृश्य और भी अधिक आकर्षक हो जाता है, जहां ठंडी हवाओं के बीच हरियाली और पानी का संगम देखने को मिलता है। भीषण गर्मी के मौसम में भी यह जलाशय क्षेत्र के लिए जीवनदायिनी साबित हो रहा है। जल स्तर बने रहने के कारण यहां पशु-पक्षियों, मवेशियों और स्थानीय लोगों को भी पानी की सुविधा मिल रही है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन भी बना हुआ है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह जलाशय आने वाले समय में खेती के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा और क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा। सिंचाई विभाग द्वारा किया गया यह निर्माण कार्य अब किसानों और पूरे क्षेत्र के लिए विकास का प्रतीक बनता जा रहा है।

## 45 प्रतिशत से कम परिणाम लाने वाली शालाओ को नोटिस

### जिले को लाना है प्रदेश की पावीणय सूची में..

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिला शिक्षा विभाग द्वारा संचालित माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की कक्षा दसवीं व बारहवीं कक्षा की परीक्षा में पैंतालीस प्रतिशत परिणाम प्राप्त करने वाली शालाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है***

जिला शिक्षा अधिकारी एसएस कुमरे ने कहा है कि अगर शाला प्राचार्य के जबाब से संतुष्ट न होने पर कार्रवाई की जाएगी।

ज्ञातव्य है कि कक्षा दसवीं में अट्ठाईस शालाओं का परिणाम सौ प्रतिशत रहा है वही कक्षा 12वीं की सात शालाओं ने सौ प्रतिशत परिणाम हासिल किये है। जिन्हें कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी ने भी बधाई व शुभकामनाएं दी है कलेक्टर द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में कहा गया। है कि इस बार जिले को प्रदेश के पांच स्थानों में जगह बनानी हैं।

## जल संकट को देखते हुये पुलिस व्दारा बोलवेल मशीन की गई जप्त

### बिना अनुमति बोरवेल कर रहे आरोपियों पर कार्यवाही..



जगप्रेरणा सिवनी।

***पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त है जो समय-समय पर कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही जा रही जो एएसपी दीपक मिश्रा***

एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन दिनांक 20/ 04/2026 को कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध रूप से नलकूप खनन किये जाने पर कार्यवाही की गई है। जिला दण्डाधिकारी सिवनी व्दारा संम्पूर्ण जिले को जल अभावग्रस्त अपने आदेश दिनांक 15/03/2026 के व्दारा घोषित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति बिना सक्षम अनुमति के नलकूप खनन नहीं करेगा।

विगत दिनांक 19/04/2026 की रात्री करीब 01.00 बजे सूचना मिली की अभिननंदन नगर सिवनी में अनुराग रजक पिता राधेश्याम रजक उम्र 24 साल निवासी अभिननंदन नगर मानेगांव रोड सिवनी व्दारा अपने मकान में वाहन क्र. **TN 28AU7410** के चालक ए. सुरेश निवासी तमिलनाडू के व्दारा बोरवेल कराया जा रहा है सूबना की तस्दीक की गई मौके पर मकान मालिक व्दारा बिना कलेक्टर या कलेक्टर व्दारा प्राधिकृत अधिकारी की अनुज्ञा के बिना बोरिंग मशीन से अपने घर में बोर कराते मिला। जो जिला दण्डाधिकारी सिवनी के आदेश का उलघन्न करना पाया गया।

आरोपी मकान मालिक अनुराग रजक एवं बोरिंग मशीन चालक का कृत्य धारा 223 (बी).3(5) बी.एन.एस. धारा 3/ 9, 4/ 9 मध्यप्रदेश पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2002 का घटित करना पाया जाने से मौके पर बोरवेल मशीन को जप्त किया गया। तथा आरोपियों के विरुध्द कार्यवाही की गई।

**जप्ती**-बोरवेल मशीन ट्रक क्र. **TN 28AU7410**

**आरोपी**- अनुराग रजक पिता राधेश्याम रजक उम्र 24 साल निवासी अभिननंदन नगर मानेगांव रोड सिवनी, चालक ए. सुरेश पिता आरमुगम उम्र 49 साल निवासी माधव नगर बडबल्ली जिला कोयम्बटूर तमिलनाडू।

### सराहनीय कार्य..

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि राजेश शर्मा, आर. प्रदीप चौधरी सुधीर डेहरिया, विनय सेंगर की विशेष भूमिका रहीं हैं।

## कार अनियंत्रित होकर पलटी, चालक गंभीर..

जगप्रेरणा सिवनी।

***सिवनी में मंगलवार देर रात एक सड़क हादसा हुआ। मामला जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के चंडाल भाटा का है। जहां एक मारुति XL6 कार अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।***

जानकारी के अनुसार मारुति **XL6** वाहन घंसौर से बरगी की ओर जा रहा था। चंडाल भाटा के पास अचानक वाहन का टायर फट गया, जिससे चालक का नियंत्रण बिगड़ गया। तेज रफ्तार कार सड़क पर पलट गई और बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।घायल चालक की पहचान बरगांव निवासी दीपेश तिवारी (22) के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायल को कार से बाहर निकाला और तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही घंसौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में टायर फटना ही हादसे का मुख्य कारण बताया जा रहा है।

घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण झारिया ने बताया कि उन्हें कार पलटने से एक युवक के घायल होने की सूचना मिली थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सुकतरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित..

जगप्रेरणा सिवनी।

***अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की भावनानुसार, संगठन सृजन अभियान के***

अन्तर्गत प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला प्रभारी सोहन वाल्मीकि की अनुशंसा से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा बरघाट विधानसभा के सुकतरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष तेजसिंह रघुवंशी द्वारा प्रस्तावित ब्लॉक कार्यकारिणी के अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकरियों की नियुक्ति की गई है जिसमें ब्लॉक कांग्रेस कोषाध्यक्ष अ0 वासिक पटेल ग्राम मोहगांव तितरी, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद शरणागत दरासीकलॉ, शिवदयाल पाल जोगीवाड़ा, सुनील राठौर चक्की खमरिया, ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री श्रीमती सविता कर्वेती सर्राहिर्री, माजिद पटेल सुकतरा, देमन मरावी घाटकोहका, श्यामसिंह माली कलबोड़ी, निरंजन धुर्वे विजयपानी, श्रीमती ज्ञानवती मरकाम शाखादेही। ब्लॉक कांग्रेस सचिव बालकिशोर भलावी बेलपेट, रमेश कुमरे शाखादेही, खिलावर रघुवंशी बादलपारखुर्द, राहुल इनवाती पतरई, पवन डेहरिया मोहगांव तितरी, संदीप वर्मा ऐरमा, जगदीश सनोडिया सिल्लौर, श्रीमती माया मर्सकोले थरेली, ब्लॉक कांग्रेस मीडिया से संजय पाल ग्राम ग्वारी, सोशल मीडिया से अनिल चैधरी ग्राम बेलगांव का समावेश किया गया है।

## पति ने अपनी पत्नि को दे दी उसके प्रेमी के साथ रहने की इजाजत..

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले के केवलारी थाना क्षेत्र में एक अलग तरह का मामला सामने आया है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ रहने की इजाजत दे दी। यह पूरा मामला पुलिस थाने में बातचीत के बाद सुलझा।***

जानकारी के अनुसार, युवक की शादी अप्रैल 2024 में हुई थी। शुरुआत के करीब छह महीने तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन इसके बाद पत्नी की नजदीकियां गांव के ही एक अन्य युवक से बढ़ने लगीं। पति ने बताया कि पत्नी अक्सर फोन पर बात करती थी और उस युवक से मिलती भी थी। उसने कई बार पत्नी को समझाने की कोशिश की, लेकिन कोई असर नहीं हुआ।

17 अप्रैल को महिला घर छोड़कर सीधे केवलारी थाने पहुंच गई। वहां उसने लिखित में बताया कि वह दूसरे युवक से प्रेम करती है और उसी के साथ रहना चाहती है। मामले को देखते हुए थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगाम ने तीनों पक्षों को बुलाकर बातचीत कराई। परिवार के लोग और समाज के बुजुर्गों ने भी महिला को समझाया, लेकिन वह अपने फैसले पर कायम रही।

लंबी चर्चा के बाद पति ने हालात को स्वीकार करते हुए लिखित में सहमति दी कि वह अपनी पत्नी को उसके प्रेमी के साथ जाने की अनुमति देता है। वहीं प्रेमी ने भी लिखित आश्वासन दिया कि वह महिला को पत्नी के रूप में अपनाएगा और उसकी जिम्मेदारी उठाएगा। पुलिस ने तीनों को आगे की प्रक्रिया के लिए कोर्ट के जरिए तलाक और पुनर्विवाह करने की सलाह दी है।

## श्रम कानूनों के प्रभावी अनुपालन के लिए श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम लागू..

जगप्रेरणा सिवनी।

***श्रम पदाधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन द्वारा राज्य के श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत कारखानों, दुकानों एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थानों के लिए विभाग ने श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम लागू किया है।***

उन्होने बताया कि यह प्रणाली एक स्व-मूल्यांकन आधारित, निष्पक्ष एवं स्वचालित तंत्र है, जिसके अंतर्गत संस्थानों द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर उनके श्रम कानूनों के अनुपालन स्तर का मूल्यांकन किया जाता है और उन्हें स्टार रेटिंग प्रदान की जाती है। इस पहल के माध्यम से न केवल श्रम कानूनों के प्रभावी पालन को प्रोत्साहन मिल रहा है, बल्कि अनुपालन प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल एवं उत्तरदायी भी बन रही है। इसके सकारात्मक परिणामस्वरूप कार्य-संस्कृति में सुधार, श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार तथा संस्थानों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला है। श्रम विभाग द्वारा सभी संबंधित संस्थानों एवं कारखानों से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस सुविधा का लाभ उठाएं तथा श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम का उपयोग कर अपने संस्थानों में श्रम कानूनों के अनुपालन को और अधिक सुदृढ़ बनाएं।

## लू तापाघात से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी..

जगप्रेरणा सिवनी।

***लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा लू तापघात के प्रकोप से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी करते हुये नागरिकों से गर्मी के मौसम में एहतियात बरतने की सलाह दी है।***

भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार प्रदेश सहित समस्त मध्य भारत में मार्च-मई 2026 का तापमान औसत तापमाने से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में लू तापघात की स्थिति निर्मित हो सकती है।

### लू (तापघात) से बचाव हेतु अपनाई जाने वाली सावधानियां..

जनसामान्य पानी, छांछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन कर तरो-ताजा रहें। यथा संभव दोपहर 12 से 03 बजे धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपड़े, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें।

पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें। सिंथेटिक एवं गहरे रंग के वस्त्र पहनने से बचें। जानवरों को छाया में रखें और पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें। अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में ठंडे पानी से शरीर को पोछे या कई बार स्नान करें। धूप तथा गर्म हवाओं के संपर्क के तुरंत बाद स्नान न करें। गरिष्ठ, वसायुक्त, ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा अल्कोहल, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ का उपयोग कम से कम करें

## संविदा श्रमिकों के नियोजन हेतु प्रिंसिपल एम्प्लायर के पंजीयन आवश्यक..

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिला श्रम अधिकारी सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि शासन द्वारा राज्य के समस्त शासकीय विभागों, मण्डलों, निगमों एवं अन्य संस्थाओं के संज्ञान में लाया गया है कि जो भी विभाग/संस्थाएं ठेकेदारों अथवा आउटसोर्स एजेंसियों के माध्यम से***

कार्य (विशेषतः निर्माण कार्य एवं अन्य सेवाएं) करवा रही हैं, उन्हें संविदा श्रम (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 की धारा 7 के अंतर्गत **Principal Employer** के रूप में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य-दशा संहिता, 2020 की धारा 47 से 50 के अंतर्गत ठेका श्रमिकों के नियोजन एवं पंजीयन से संबंधित प्रावधान भी लागू हैं, जिनका पालन किया जाना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि बिना वैध पंजीयन के किसी भी प्रकार से ठेका श्रमिकों का नियोजन किया जाना नियमों के विरुद्ध है। अतः सभी संबंधित विभागों/ संस्थाओं से अपेक्षा की जाती है कि वे तत्काल प्रभाव से **Principal Employer** के रूप में पंजीयन की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उल्लंघन की स्थिति में संबंधित नियोक्ता के विरुद्ध विधिसम्मत वैधानिक कार्यवाही किए जाने के प्रावधान हैं।











कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800



जग प्रेरणा

# शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

गुरुवार 23 अप्रैल 2026







दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


# राष्ट्रीय जनगणना 2027 अंतर्गत ऑनलाइन स्व-गणना के लिए 30 अप्रैल अंतिम अवसर..

## कलेक्टर मृणाल मीना ने की नागरिकों से सहयोग की अपील

जगप्रेरणा बालाघाट।

*राष्ट्रीय जनगणना 2027 के अंतर्गत ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया जारी है, जिसके लिए अब केवल कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। पोर्टल पर 'स्व-गणना' का विकल्प उपलब्ध है, जहां नागरिक 30 अप्रैल 2026 तक अपनी जानकारी स्वयं ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं।*

कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि जिन्होंने अभी तक आनलाइन स्व-गणना फार्म नहीं भरा है, वे शीघ्र इसे पूरा करें और इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सहभागी बनें। उन्होंने कहा कि एक मई 2026 से प्रारंभ होने वाले जनगणना-2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं गणना' में सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन स्व-गणना पूरी करने के बाद एक एसई आईडी (स्ध द्धष्ठ) जनरेट होगी, जिसे 1 मई से 30 मई 2026 के बीच प्रगणक के घर-घर भ्रमण के दौरान साझा करना अनिवार्य होगा। प्रगणक द्वारा सत्यापन के पश्चात ही मकान सूचीकरण एवं गणना की प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी। स्व-गणना प्रक्रिया पूरी तरह ऐच्छिक है। यदि कोई नागरिक स्वयं जानकारी दर्ज नहीं करता है, तो प्रगणक निर्धारित अवधि में घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे। प्रथम चरण के दौरान प्रगणक 01 मई से 30 मई 2026 के बीच प्रत्येक घर से 33 निर्धारित प्रश्नों के आधार पर जानकारी एकत्रित करेंगे, जिसमें मकानों की स्थिति, उपलब्ध सुविधाएं तथा परिवार की परिसंपत्तियों से संबंधित जानकारी शामिल होगी। इस बार की जनगणना की विशेषता यह है कि इसमें आधुनिक डिजिटल तकनीक का व्यापक उपयोग किया जा रहा है। पहली बार मोबाइल ऐप के माध्यम से बड़े पैमाने पर डेटा संकलन किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया अधिक सटीक, पारदर्शी और प्रभावी बनेगी। प्रशासन ने सभी नागरिकों से जागरूकता और सक्रिय सहभागिता के साथ इस राष्ट्रीय दायित्व को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है।



### महिला आरक्षण विधेयक की असफलता पर

# बालाघाट में भाजपा महिला मोर्चा ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन..

## लगाए राहुल गांधी मुर्दाबाद और नारी के सम्मान में भाजपा मैदान में के नारे..




जगप्रेरणा बालाघाट।

*बालाघाट जिला मुख्यालय में आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर स्थानीय भाजपा कार्यालय में महिला आक्रोश सम्मेलन का आयोजन किया गया, वहीं इसके उपरांत बड़ी संख्या में भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं के साथ ही अन्य भाजपा नेताओं ने भी आंबेडकर चौक पर पहुंचकर*

प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया। गौरतलब है कि सम्मेलन के दौरान भाजपा वक्ताओं ने कहा कि यह विधेयक महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल था, लेकिन विपक्ष के विरोध के कारण इसे मंजूरी नहीं मिल सकी। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने अपने संबोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल नारों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसके लिए ठोस कदम उठाए जाने आवश्यक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों के रवैये के कारण महिलाओं को उनका अधिकार मिलने में बाधा उत्पन्न हुई है।

### बोली भारती ठाकुर..

नगर पालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर ने कहा कि महिला आरक्षण बिल की असफलता से कांग्रेस की नीतियों और सोच का वास्तविक स्वरूप सामने आया है। केंद्र सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है, लेकिन विपक्ष की नकारात्मक राजनीति के चलते महत्वपूर्ण निर्णय अटक रहे हैं।

### नारेबाजी कर कोसा कांग्रेस को..

गौरतलब है कि बालाघाट नगर मुख्यालय में आंबेडकर चौक पर प्रदर्शन करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की नेत्रियों एवं अन्य भाजपाईयों ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर कांग्रेस को जमकर कोसा, और राहुल गांधी के मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन भी किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष हेमा वाधवानी, लता एलकर, उषा धुवारे, गौरी लिल्हारे, गरिमा गौतम, पार्षद सरिता सोनेकर, वंदना बारमाटे, रमेश रंगलानी, सत्यनारायण अग्रवाल, पार्षद राज हरिनखेड़े, अभय कोचर, मोनिल जैन, रामकुमार मिश्रा, जैनेन्द्र कटरे, कमलेश पांचे, अखिलेश चौरे, राहुल जेमी जेमईवार, हेमेन्द्र क्षीरसागर संहित अनेक उपस्थित थे।

### जिला पंचायत बालाघाट में आयोजित सामान्य प्रशासन समिति की बैठक में

# विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरसवार ने दिये आवश्यक निर्देश..



जगप्रेरणा बालाघाट।

*जिला पंचायत बालाघाट की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 22 अप्रैल 2026 को दोपहर 1 बजे जिला पंचायत कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सम्राट सिंह सरसवार*

ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री योगेश राजा लिल्हारे, सीईओ जिला पंचायत श्री अभिषेक सराफ, सभी समितियों के सभापति एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यों की अजेंडावार समीक्षा की गई। बैठक की शुरुआत में विगत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक के पालन प्रतिवेदन को अभिलेख सहित प्रस्तुत किया गया, जिस पर सदस्यों द्वारा विस्तृत चर्चा की गई। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष श्री सरसवार ने पशु प्रक्षेत्र गढ़ी में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं पशु प्रजनन केंद्रों में संचालित योजनाओं की जानकारी और मॉनिटरिंग पर जोर दिया।

महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा के दौरान योजनाओं की प्रगति से सदस्यों को अवगत कराया गया। अध्यक्ष ने विशेष रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। बैठक में विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान गढ़ी क्षेत्र की कान्हाड नेशनल पार्क से सटी पंचायतों में वन्य प्राणियों के विचरण को ध्यान में रखते हुए किसानों के लिए खेतों में बिजली आपूर्ति का समय बढ़ाने की आवश्यकता जताई गई। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान उपाध्यक्ष श्री योगेश राजा लिल्हारे ने जिला चिकित्सालय में रात्रिकालीन आकस्मिक चिकित्सा सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया।

बैठक के अंत में मत्स्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई तथा सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि वे योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें और निर्धारित समयसीमा में ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करें।

# बालाघाट में श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर का चतुर्दश स्थापना महोत्सव 23 और 24 अप्रैल को..

## भजन संध्या व महाप्रसादी सहित होंगे भव्य आयोजन

जगप्रेरणा बालाघाट।

*शहर के गुजरी चौक स्थित श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में चतुर्दश स्थापना महोत्सव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। मंदिर समिति द्वारा 23 एवं 24 अप्रैल 2026 को दो दिवसीय भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।*

मंदिर समिति के अनुसार, यह आयोजन भगवान हनुमान जी की कृपा और विश्व कल्याण की भावना से प्रेरित होकर किया जा रहा है। आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, आध्यात्म और सेवा का संगम अनुभव करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार, 23 अप्रैल को शाम 7 बजे से भव्य भजन संध्या के साथ होगी। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के सुप्रसिद्ध भजन गायक नंदू ताम्रकार एवं उनकी टीम द्वारा हनुमान भक्ति से सराबोर प्रस्तुति दी जाएगी। मेरे भारत का बच्चा बच्चा जय श्री राम बोलेगा जैसे लोकप्रिय भजनों से प्रसिद्ध कलाकार की प्रस्तुति श्रद्धालुओं को भक्ति भाव में डुबो देगी।

इसी प्रकार शुक्रवार, 24 अप्रैल को धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला में हवन एवं महाप्रसादी (स्नेहभोज) का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगा, जिसमें श्रद्धालु भगवान हनुमान जी का पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे और



### श्रद्धालुओं और हनुमान भक्तों से सपरिवार उपस्थिति की अपील

श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर समिति ने समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपने परिवार एवं इष्टमित्रों के साथ इस पुण्य अवसर पर उपस्थित होकर भगवान हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। समिति का कहना है कि यह महोत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और सेवा भावना को भी सुदृढ़ करता है। मंदिर परिसर, वार्ड क्रमांक 16, कृष्ण मंदिर रोड, गुजरी चौक पर आयोजित होने वाले इस दो दिवसीय कार्यक्रम को लेकर शहर में उत्साह का माहौल बना हुआ है और आयोजन को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

# 'नारी शक्ति वंदन' पखवाड़े में बाल विवाह मुक्त भारत का संकल्प लेकर किया गया जिले भर में जागरूकता अभियान का आयोजन







जगप्रेरणा बालाघाट।

*जिले में बेटियों को सुरक्षित, शिक्षित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से ÷नारी शक्ति वंदन÷ पखवाड़ा एवं ÷बाल विवाह मुक्त भारत अभियान÷ के तहत व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला एवं*

बाल विकास विभाग) श्रीमती दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के तहत विकासखंड बैहर और वारासिवनी के छात्रावासों, विद्यालयों और आंगनवाड़ी केंद्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास परसामऊ, शासकीय आदिवासी कन्या छात्रावास वारासिवनी, शासकीय पिछड़ा वर्ग कन्या महाविद्यालय छात्रावास, सांदीपनि शासकीय विद्यालय आमगांव (बैहर) तथा आंगनवाड़ी केंद्र वार्ड क्रमांक 22 प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रमों के दौरान केस वर्कर श्रीमती प्रीति हरिनखेड़े एवं यानिता रहांगडाले ने छात्राओं को ÷नारी शक्ति वंदन अधिनियम÷ और ÷बाल विवाह निषेध अधिनियम÷ की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह न केवल बालिकाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है, बल्कि यह एक दंडनीय अपराध भी है। इस कुप्रथा को बढ़ावा देने या इसमें शामिल होने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। छात्राओं को यह भी बताया गया कि बाल विवाह रोकने के लिए ब्लॉक और जिला स्तर पर विशेष टीमें तैनात हैं। किसी भी संदिग्ध बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं महिला हेल्पलाइन 181 पर दी जा सकती है। अधिकारियों ने समाज से अपील की कि बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने में सभी नागरिक सक्रिय सहयोग दें। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उल्लेखनीय है कि ÷नारी शक्ति वंदन÷ पखवाड़े का शुभारंभ 10 अप्रैल 2026 को किया गया, जिसके तहत आम जनता को अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराया जा रहा है। शासन द्वारा इसे जन-उत्सव के रूप में मनाने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के अंतर्गत नारी शक्ति पदयात्रा, गोष्ठियां, सेमिनार तथा विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय मॉडल बालिका छात्रावास बैहर, आदिवासी सीनियर बालिका छात्रावास, नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालिका छात्रावास एवं शासकीय आदिवासी महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें वन स्टॉप सेंटर बैहर की टीम की सक्रिय भागीदारी रही।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पीजी कालेज में मेंहदी प्रतियोगिता एवं विशेष कक्षाओं का आयोजन

जगप्रेरणा बालाघाट।

*कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड बालाघाट द्वारा शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में*

22 अप्रैल को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील बर्मन की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों के लिए विषयवार अतिरिक्त कक्षाओं का संचालन किया गया। सामूहिक सत्र के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हाथों में मेंहदी लगाकर जल संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक श्रीमती बेजन्ति कटरे एवं **CMCLDP** सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों को जल संरक्षण के महत्व एवं इसके विभिन्न उपायों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद से परामर्शदाता श्रीमती वर्षा परिहार, विजय सूर्यवंशी, हरेंद्र यादव सहित **CM-CLDP** के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजना मोनु बर्वे उकवा
मो. 74156-52935

# टीएल बैठक में कलेक्टर मृणाल मीना ने समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा कर दिये आवश्यक दिशा निर्देश..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***22 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।***



बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री डीपी बर्मन,संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, श्री मायाराम कोल, डिप्टी कलेक्टर श्री प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

जनगणना 2027: स्व-गणना में तेजी लाने के निर्देशबैठक में सर्वप्रथम जनगणना 2027 के प्रशिक्षण एवं स्वगणना की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि बालाघाट जिले की जनसंख्या के अनुपात में अब तक बहुत कम संख्या में नागरिकों ने सेल्फ इन्यूमिरेशन (स्वगणना) की है। कलेक्टर श्री मीना ने इस स्थिति पर नाराजगी जाहिर की और निर्देशित किया कि स्व-गणना करने के लिए अधिक से अधिक लोगो को प्रोत्साहित किया जाए और शीघ्रता से उन्हें स्व-गणना का आईडी प्राप्त करने कहा जाए। उन्होंने सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 22 अप्रैल को अनिवार्य रूप से स्व-गणना करने के निर्देश दिये। स्व-गणना का कार्य 30 अप्रैल तक ऑनलाईन किया जाना है। उसके बाद 01 मई से 30 मई तक प्रगणक द्वारा घर-घर जाकर जनगणना की जाएगी।

### गेहूँ, चना विक्रय करने वाले किसानों से निर्धारित समय में स्लॉट बुक कराना अनिवार्य

बैठक में समर्थन मूल्य पर गेहूँ एवं चना तथा भावांतर योजना में सरसो की खरीदी की समीक्षा की गई। इस दौरान बताया गया कि समर्थन मूल्य पर 14 किसानों से 254 क्विंटल गेहूँ की खरीदी की जा चुकी है। अब तक 800 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए स्लॉट बुक करा लिया है। समर्थन मूल्य पर चना विक्रय के लिए 2609 किसानों ने पंजीयन किया है। इसमें से 233 किसानों ने स्लॉट बुक करा लिया है। चना खरीदी के लिए जिले में 08 केंद्र बनाये गए है। चने की खरीदी 28 मई तक की जाएगी। कलेक्टर श्री मीना ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समर्थन मूल्य पर गेहूँ, चना विक्रय करने वाले किसानों से निर्धारित समय सीमा के भीतर स्लॉट बुक करा ले। सभी खरीदी केंद्रो पर किसानों की सुविधा के लिए छाया एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### विभागों की तत्परता से जल गंगा संवर्धन अभियान को मिलेगी गति

बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने निर्देशित किया कि इस अभियान में जिन विभागों को जल संरक्षण के कार्य सौंपे गए है वे समय सीमा में उन कार्यों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करें। इस अभियान के अंतर्गत सभी शासकीय भवनों, स्कूल एवं कॉलेज भवनों एवं छात्रावास भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गए।

बडे शासकीय भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के साथ सोलर पेनल लगाने के निर्देश दिये गए। इस अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग को सक्षम आंगनवाडी केंद्रो में पोषण वाटिका एवं रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार जिला एवं व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक को जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में पौधारोपण के लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण कराने कहा गया। जिले की नगरीय निकायों में इस अभियान के अंतर्गत हरित क्षेत्र विकास के कार्य तत्परता से करने के निर्देश दिये गए।

### नगरीय निर्माण, खेती व आपूर्ति व्यवस्था पर सख्त निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने जिले के सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय क्षेत्रों में बगैर अनुमति के कोई भी आवास नही बनना चाहिए। सहायक संचालक उद्यान को निर्देशित किया गया कि जिले में मखाना की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए तत्परता के साथ कार्य करें और मखाना की खेती शुरू करने वाले किसानों को सतत मार्गदर्शन दें। सहायक संचालक मत्स्योद्योग को निर्देशित किया गया कि जिले के जलाशयों में मत्स्य पालन के लिए अधिक संख्या में केजकल्चर लगाए। केजकल्चर लगाने के लिए आवेदन करने की तिथि 30 अप्रैल तक बढाने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी गैस की आपूर्ति पर सतत निगरानी रखे और सुनिश्चित करें कि उपभोक्ताओं को डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी गैस सुगमता से उपलब्ध हो।

बैठक में बताया गया कि जिले में मखाना की खेती के लिए 05 स्थानों का चयन किया गया है और उनमें 32 किसानों द्वारा मखाना लगाया गया है, जो वर्तमान में अंकुरण की स्थिति में है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग द्वारा बताया गया कि जिले के जलाशयों में मत्स्यपालन के लिए 720 केजकल्चर लगाये जा सकते है। अब तक 540 केजकल्चर लगाने के लिए आवेदन प्राप्त हो चुके है। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी गैस की कोई कमी नही है और इनकी नियमित रूप से आपूर्ति हो रही है।

### सीएम हेल्पलाइन व योजनाओं की समीक्षा पर अधिकारियों को सख्त निर्देश

बैठक में वनग्राम से राजस्व ग्राम में परिवर्तन, सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण, सीएम हेल्पलाईन के प्रकरण, लोक सेवा गारण्टी, संकल्प से समाधान अभियान के शिविरो में प्राप्त आवेदन के निराकरण की भी समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्री मीना ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का तत्परता के साथ निराकरण करें। जिन अधिकारियों की लापरवाही से जिले की ग्रडिंग प्रभावित होगी उनका वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का तत्परता के साथ निराकरण करने और जनआकांक्षा पोर्टल पर की गई कार्यवाही का विवरण अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री मीना ने जिला श्रम पदाधिकारी को निर्देशित किया कि श्रमयोगी मानधन योजना के अंतर्गत सभी पात्र लोगो का शीघ्रता से पंजीयन कराए।

### ऋण वितरण में तेजी लाकर युवाओ को रोजगार से जोडने़ के निर्देश

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को बैंक से ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें रोजगारमूलक गतिविधियों से जोडने के निर्देश दिये। इसी प्रकार पशुपालन विभाग की योजनाओं में ऋण वितरण का लक्ष्य शीघ्र पूर्ण करने कहा गया। उन्होंने अग्रणी बैंक प्रबंधक और संबंधित विभाग के अधिकारी को समन्वय कर बैंक से शीघ्रता से ऋण दिलाने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि ऋण संबंधी आवेदनों में जिन दस्तावेजों की कमी है संबंधित विभाग के अधिकारी हितग्राही से संपर्क कर बैंक को वह दस्तावेज उपलब्ध कराए। उन्होंने अग्रणी बैंक प्रबंधक से कहा कि वे सुनिश्चित करे कि बैंक में कोई भी ऋण प्रकरण अनावश्यक लंबित नही रहना चाहिए।

# अवैध रेत खनन पर बड़ी कार्रवाई: दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर रोक लगाने के लिए खनिज अमले द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 22 अप्रैल 2026 को तहसील लालबर्रा***




एवं बालाघाट क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन में संलिप्त दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त की गईं। उपसंचालक खनिज सुश्री फरहज जहाँ ने बताया कि पहली कार्रवाई ग्राम ददिया, तहसील लालबर्रा में की गई, जहां ट्रैक्टर क्रमांक रूक्क50-2449 के साथ ट्रॉली में अवैध रूप से रेत परिवहन करते पाए जाने पर चालक चंचल चौहान (पिता शिवपाल चौहान, निवासी ददिया) के वाहन को जप्त किया गया। वहीं दूसरी कार्रवाई नर्मदानगर, तहसील बालाघाट में की गई, जहां ट्रैक्टर क्रमांक रूक्क50-5723 के साथ ट्रॉली में अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर चालक राकेश लीलारे (पिता बुधराम लीलारे, निवासी गायखुरी) के वाहन को जप्त किया गया। जप्त किए गए दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉली के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पोषण पखवाड़ा के तहत आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण शिविर आयोजित..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग के परिपालन में चल रहे राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम (09 अप्रैल 2026 से 23 अप्रैल 2026) के अंतर्गत आज दिनांक 22 अप्रैल 2026 को आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 22 में पोषण शिविर का आयोजन किया गया।***






यह कार्यक्रम जिला आयुष अधिकारी डॉ. मिलिंद चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपाली चौके द्वारा 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों के मस्तिष्क विकास हेतु प्रारंभिक संवर्धन गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के मानसिक एवं संज्ञानात्मक विकास के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन प्रदान किया। इसके साथ ही 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षण गतिविधियों पर विशेष जोर दिया गया। अभिभावकों को घर-आधारित देखभाल एवं खेल के माध्यम से बच्चों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के उपाय बताए गए।

शिविर के दौरान बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को संतुलित आहार, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देकर कुपोषण की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। साथ ही गर्भवती एवं धात्री महिलाओं तथा बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक औषधियों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के पूर्वाभ्यास के तहत 'फ्री लाइव योग सेशन' के लिए पंजीयन भी कराया गया। इस अवसर पर श्रीमती विद्या सोनगढे, श्रीमती सरला भोयर (महिला एवं बाल विकास विभाग) तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही।

# कान्हा टाइगर रिजर्व में नर बाघ शावक की मौत, प्रारंभिक जांच में स्वाभाविक कारणों के संकेत..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***मंडला जिले के कान्हा टाइगर रिजर्व अंतर्गत वन परिक्षेत्र सरही के बड़े अमाही नाला क्षेत्र में 21 अप्रैल 2026 को एक नर बाघ शावक की मृत्यु का मामला सामने आया है। यह घटना बीट सरहीनकान, कक्ष क्रमांक 668 (69) में दर्ज की गई, जिसके बाद वन विभाग द्वारा तत्काल कार्रवाई शुरू की गई।***



क्षेत्र संचालक कान्हा टाईगर रिजर्व मण्डला ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली तथा मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्थल को सुरक्षित कर लिया गया। डॉग स्क्वाड की मदद से पूरे क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया। निरीक्षण के दौरान आसपास मादा बाघ अपने अन्य शावकों के साथ देखी गई, जिससे यह संकेत मिला कि घटना किसी बाहरी हमले से जुड़ी नहीं हो सकती।

मृत बाघ शावक के पोस्टमार्टम के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम को मौके पर बुलाया गया। इस टीम में जबलपुर से प्रोफेसर (स्कूल ऑफवाइल्ड लाइफफॉरेंसिक एंड हेल्थ) डॉ. सोमेश सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी मोतीनाला डॉ. सुनील गोयल तथा बिछिया के डॉ. विशाल उद्दे शामिल रहे। टीम द्वारा घटनास्थल पर ही विधिवत शव परीक्षण किया गया, जिसमें शावक के सभी अंग सुरक्षित पाए गए। प्राथमिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर शावक की मृत्यु स्वाभाविक कारणों से होना प्रतीत हो रही है। हालांकि, अंतिम निष्कर्ष विस्तृत रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगा। निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (स्ह्क्क) का पालन करते हुए शावक के शव का दाह संस्कार भी मौके पर ही किया गया।

इस पूरी कार्रवाई के दौरान मुख्य वन संरक्षक जबलपुर श्री एम.आर. बघेल, क्षेत्र संचालक, उप संचालक, सहायक संचालक सहित वन विभाग के अधिकारी, प्रशासनिक अमला, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण की प्रतिनिधि, मानद वन्यप्राणी अभिरक्षक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई। वन विभाग ने बताया कि मामले की सतत निगरानी की जा रही है और किसी भी संभावित कारण की जांच को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। फिलहाल, क्षेत्र में स्थिति सामान्य है और मादा बाघ अपने शेष शावकों के साथ सुरक्षित देखी गई है।

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

## जल गंगा संवर्धन अभियान

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को जल गुणवत्ता जांच का दिया गया प्रशिक्षण

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

जल गंगा संवर्धन गतिविधि के अंतर्गत 22 अप्रैल 2026 को बिरसा विकासखंड के मरारीटोला आंगनवाड़ी केंद्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एफ्टीके प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण बैहर उपखंड के केमिस्ट कृष्णकांत मेश्राम एवं ब्लॉक समन्वयक बिरसा फनीश रंगारे द्वारा प्रदान किया गया।





प्रशिक्षण में बिरसा-1 एवं बिरसा-2 सेक्टर की कुल 45 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना एवं समुदाय को जल गुणवत्ता के प्रति जागरूक बनाना रहा।

प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से पानी की जांच की प्रक्रिया का लाइव डेमो दिया गया। इस दौरान आंगनवाड़ी एवं स्कूलों से लाए गए पानी के नमूनों की मौके पर ही जांच कर यह बताया गया कि पानी में घुले विभिन्न तत्वों की पहचान कैसे की जाती है। किट के माध्यम से प्रमुख रूप से श्व॥ मान (अम्लीयता/क्षारीयता), फ्लोराइड, आयरन (लोहा) एवं पानी की कठोरता (हार्डनेस) जैसे मानकों की जांच करना सिखाया गया। साथ ही कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र के पेयजल स्त्रोतों की वर्ष में कम से कम दो बार मानसून से पहले और बाद में नियमित जांच सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में डाटा संधारण पर भी विशेष जोर दिया गया।

कार्यकर्ताओं को बताया गया कि जांच के परिणामों को रजिस्टर में दर्ज करें तथा यदि पानी अमानक पाया जाए तो इसकी सूचना तत्काल विभाग की निकटतम प्रयोगशाला को दें। इसके अलावा दूषित पानी से होने वाली बीमारियों जैसे डायरिया और टाइफाइड के बारे में जानकारी देते हुए सुरक्षित पेयजल के उपयोग के महत्व को समझाया गया।

कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड कार्यालय से शीतल मिश्रा एवं हरीश झा (क्करू) की भी उपस्थिति रही।

इस पहल से ग्राम स्तर पर जल गुणवत्ता की निगरानी को मजबूती मिलेगी तथा आंगनवाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं गांवों में बच्चों एवं आमजन को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।












दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी

मो. 7974944900


# कटंगी सेंट्रल स्कूल आफस्कॉलर्स का दसवीं का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

## छात्रा चारु का बालाघाट जिले में तीसरा विद्यालय में प्रथम स्थान

## विद्यालय परिवार सहित माता-पिता ने दी बधाई



अनुकृती पटले



चारू राहगंडाले




दिव्या पटले

जगप्रेरणा कंटगी (बालाघाट)।

***माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा फरवरी 2026 में कक्षा 12वीं और 10वीं की परीक्षा आयोजित की गई थी 15 अप्रैल को परीक्षा परिणाम घोषित हुए परीक्षा परिणाम में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए छात्र छात्राओं द्वारा खुशियां मनाई गई***

सभी ने उनको बधाई की छात्र-छात्राओं से बात की गई तो किसी ने इंजीनियर किसी ने डॉक्टर को किसी ने अन्य विभाग में जाने की बात कही है सभी के द्वारा धन्यवाद देते हुए कहा गया है कि मेहनत करो आपकी इच्छा पूरी होगी वही बात की जाए कटंगी नगर के सेंट्रल स्कूल आफस्कॉलर्स अंग्रेजी माध्यम तो यहां का कक्षा दसवीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। चारु बालाघाट जिले में तीसरे स्थान पर विद्यालय में प्रथम कटंगी सेंट्रल स्कूल आफ स्कॉलर्स की बात की जाए तो विद्यालय की छात्रा दारू पिता महेश राहगडाले ग्राम पंचायत कामठी निवासी द्वारा कक्षा दसवीं की परीक्षा दी गई थी जिसे 500 में 487 अंक प्राप्त हुए हैं और प्रतिशत 97.4 रहा चारु का बालाघाट जिले की प्रवीण सूची में तीसरा स्थान है वही विद्यालय में प्रथम स्थान विद्यालय में दूसरा अनुकृति गणित में 100 में 100 नंबर तीसरा स्थान दिव्या का वही विद्यालय की बात की जाए तो कक्षा दसवीं की छात्रा अनुकृति पिता राजेश पटले कंटगी वार्ड क्रमांक 9 निवासी सिगोडी के पूर्व सरपंच की नातिन का परीक्षा परिणाम सफल रहा 500 में 476 अंक प्राप्त कर 95.2 प्रतिशत रिजल्ट रहा वही खास बात यहाँ है कि गणित में 100 में 100 अंक मिले हैं विधालय में दूसरा स्थान रहा वही दिव्या पिता विजेंद्र पटले ने कक्षा दसवीं में 500 में 411 अंक प्राप्त कर 82.2 प्रतिशत परिणाम रहा है विधालय में तीसरा स्थान रहा वही बाकी छात्र छात्राओं का भी परिणाम अच्छा रहा बच्चों की सफलता पर उनके माता-पिता और मित्रों द्वारा बधाई दी गई वही बात की जाए तो विद्यालय की प्राचार्य प्रीति टेभरे, संचालक के एस टेभरे और समस्त स्टाफद्वारा बधाई दी गई बच्चों का हौसला बढ़ाने के लिए विद्यालय की प्राचार्य प्रीति टेभरे ने कहां की परिश्रम ही सफलता की कुंजी है परिश्रम बहुत जरूरी है आज अगर किसी बच्चों के नंबर कम आए हैं तो चिंता की कोई बात नहीं फिर मेहनत करो अच्छे नंबर मिलेंगे अच्छे नंबर लगे तो आपके माता-पिता के साथ आपका और गुरुजनों का नाम होगा।

# संपत्ति बंटवारे के विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई पर किया जानलेवा हमला, तिरोड़ी पुलिस ने 24 घंटे में आरोपी को किया गिरफ्तार..

जगप्रेरणा तिरोड़ी।

***दिनांक 19.04.2026 को ग्राम चोरपिण्डकेपार थाना तिरोड़ी क्षेत्र में दो भाइयों के बीच संपत्ति बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान बड़े भाई अजय भलावे ने अपने छोटे भाई अनिरुद्ध भलावे (उम्र 27 वर्ष) के गले पर घर में उपलब्ध घरेलू चाकू से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई।***



घायल को तत्काल उपचार हेतु जिला चिकित्सालय बालाघाट में भर्ती कराया गया।

घायल अनिरुद्ध भलावे द्वारा जिला अस्पताल में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 19.04.2026 को शाम लगभग 07:30 बजे वह घर पर था, तभी उसका बड़ा भाई अजय भलावे आया और गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपी ने बाल पकड़कर पीछे से गले पर चाकू से वार किया, जिससे गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना को परिजनों द्वारा देखा गया।

रिपोर्ट पर थाना तिरोड़ी में आरोपी के विरुद्ध धारा 296(बी), 109(1), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### आरोपी की गिरफ्तारी..

विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर नक्शा तैयार किया गया एवं साक्ष्यों का संकलन किया गया। घटना स्थल से सादी एवं खून लगी मिट्टी जप्त की गई। आरोपी से पूछताछ कर मेमोरण्डम के आधार पर घटना में प्रयुक्त घर में उपलब्ध घरेलू चाकू एवं कपड़े विधिवत जप्त किए गए।

आरोपी अजय भलावे (उम्र 32 वर्ष) निवासी ग्राम चोरपिण्डकेपार थाना तिरोड़ी को विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना उसके परिजनों को दी गई। आरोपी को माननीय न्यायालय जेएमएफसी कटंगी के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी - अजय भलावे पिता धनीराम भलावे, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम चोरपिण्डकेपार थाना तिरोड़ी, जिला बालाघाट

पंजीबद्ध अपराध - अप.क्र. 105/2026, धारा 296(बी), 109(1), 351(3) **BNS**।

### इनका रहा योगदान..

थाना प्रभारी उपनिरीक्षक रुद्रशरण मिश्रा, सउनि दादूराम पटले, प्र.आर. 639 कौशल शर्मा, आर. 1391 लक्ष्मीप्रसाद बघेल, आर. 642 ललित देशमुख, आर. 1045 विकास तोमर, आर. 1315 प्रमेश पाल का विशेष योगदान रहा।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433


# प्रशासन की दोहरी नीति से बढ़ रहा है ग्रामीणों का शासन के खिलाफ असंतोष..

## रामपायली में रेत संकट का सचः गरीबों के अधूरे घर, सरकारी ढेर–व्यवस्था पर गंभीर सवाल..





जगप्रेरणा रामपायली।

***ग्राम रामपायली में इन दिनों रेत को लेकर उत्पन्न संकट ने प्रशासनिक व्यवस्था की पारदर्शिता और प्राथमिकताओं पर बड़ा प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। एक ओर जहां गरीब और मध्यमवर्गीय***

परिवार अपने जीवनभर की जमा पूंजी लगाकर घर बनाने का सपना देख रहे हैं, वहीं दूसरी ओर रेत के अभाव में उनके मकान अधूरे पड़े हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि एक ट्रॉली रेत के लिए भी ग्रामीणों को प्रशासन के आगे पीछे कई दिनों तक भटकना पड़ रहा है।

इसके विपरीत, शासन के विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए सैकड़ों ट्रॉली रेत पहले से ही अलग-अलग स्थानों पर संग्रहित कर ली गई है। यह विरोधाभास ग्रामीणों के मन में असंतोष और व्यवस्था के प्रति अविश्वास को जन्म दे रहा है।

### रेत के लिए भटकता आम नागरिक..

रामपायली के कई परिवार ऐसे हैं, जिन्होंने अपने मकान निर्माण का कार्य शुरू तो कर दिया, लेकिन रेत की अनुपलब्धता के कारण वह अधूरा रह गया। ग्रामीणों का कहना है कि वे न तो अवैध तरीके अपनाना चाहते हैं और न ही महंगे दामों पर रेत खरीदने में सक्षम हैं। ऐसे में वे प्रशासन से उम्मीद लगाए बैठे हैं, लेकिन उन्हें केवल निराशा ही हाथ लग रही है।

### सरकारी कार्यों में रेत की भरमार..

जहां एक ओर आम जनता को रेत के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकारी निर्माण कार्यों के लिए 200 से अधिक ट्रॉली रेत का भंडारण पहले ही कर लिया गया है। यह दृश्य ग्रामीणों के मन में यह सवाल खड़ा करता है कि क्या शासन की प्राथमिकता केवल अपने कार्यों तक सीमित है, और आम नागरिक की जरूरतें गौण हो चुकी हैं?

### अवैध उत्खनन के समय क्यों रही चुप्पी?..

स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ समय पहले तक नदियों से बड़े पैमाने पर रेत का उत्खनन किया जा रहा था। ट्रक, डंपर और जेसीबी मशीनों के माध्यम से दिन-रात रेत निकाली जा रही थी। उस समय प्रशासन की भूमिका संदिग्ध रही, क्योंकि खुलेआम हो रहे इस दोहन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। परिणामस्वरूप, ठेकेदारों और कुछ प्रभावशाली लोगों ने इस संसाधन का भरपूर लाभ उठाया और आर्थिक रूप से अत्यधिक मजबूत हो गए।

### अब संरक्षण के नाम पर प्रतिबंध..

जब नदियों की स्थिति अत्यंत खराब हो गई, तब प्रशासन ने अचानक सख्ती दिखाते हुए रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगा दिया। हालांकि पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है, लेकिन इस निर्णय का सबसे अधिक असर गरीब और जरूरतमंद परिवारों पर पड़ा है, जो अपने छोटे-छोटे निर्माण कार्यों के लिए रेत पर निर्भर हैं।

### ग्रामीणों में बढ़ता आक्रोश..

ग्रामवासियों का कहना है कि जिस मिट्टी और संसाधनों से उनका जीवन जुड़ा हुआ है, आज उसी के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ रहा है। वे स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उनके अनुसार, पहले संसाधनों का खुला दोहन हुआ और अब उन्हीं संसाधनों पर आम लोगों के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### समाधान की दिशाः क्या हो सकता है रास्ता?..

स्थिति को सुधारने के लिए विशेषज्ञों और ग्रामीणों द्वारा कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए हैं–

1. पंचायत को अधिकार - ग्राम पंचायत को यह अधिकार दिया जाए कि वह गांव की वास्तविक जरूरतों के अनुसार रेत का वितरण सुनिश्चित करे। इससे स्थानीय स्तर पर पारदर्शिता बढ़ेगी। 2. हितग्राही आधारित वितरण प्रणाली - प्रधानमंत्री आवास योजना, गरीब परिवारों और निर्माणाधीन मकानों को प्राथमिकता देते हुए एक सूची तैयार की जाए और उसी के अनुसार रेत उपलब्ध कराई जाए। 3. सीमित और नियंत्रित उत्खनन - पर्यावरणीय नियमों का पालन करते हुए सीमित मात्रा में रेत उत्खनन की अनुमति दी जाए, जिससे नदियों का संरक्षण भी हो और जरूरतें भी पूरी हों। 4. निगरानी समिति का गठन - पंचायत, प्रशासन और ग्रामीण प्रतिनिधियों की संयुक्त समिति बनाई जाए, जो पूरे प्रक्रिया की निगरानी करे। 5. डिजिटल पारदर्शिता - रेत के आवंटन और परिवहन की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता न हो। रामपायली का यह मामला केवल एक गांव की समस्या नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में संसाधन प्रबंधन की खामियों का उदाहरण बनता जा रहा है। यदि समय रहते प्रशासन ने संतुलित और पारदर्शी व्यवस्था लागू नहीं की, तो यह असंतोष और गहराता जाएगा।

### जो शासन के खिलाफहो सकता है..

अब आवश्यकता है एक ऐसी नीति की, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ गरीब और जरूरतमंद वर्ग के अधिकारों का भी समान रूप से ध्यान रखे??

# एकोड़ी में हैंडपंप जल की हुई जांच, 8 स्रोतों का पानी पेय योग्य पाया गया..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***बालाघाट जिले की वारासिवनी तहसील के ग्राम एकोड़ी के वार्ड क्रमांक-01 स्थित आंगनवाड़ी परिसर में स्थापित 12 हैंडपंपों के जल की गुणवत्ता की जांच फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से की गई।***





परीक्षण के दौरान जल को 10 विभिन्न पैरामीटर पर परखा गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी एल उईके ने बताया कि हैंडपंपों के जल परीक्षण परिणामों के अनुसार 12 में से 8 हैंडपंपों का जल पेय योग्य पाया गया, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो रहा है। वहीं शेष 4 हैंडपंपों में आयरन एवं टर्बिडिटी की मात्रा निर्धारित मानकों से अधिक पाई गई, जिसके कारण इनका पानी पीने योग्य नहीं है। संबंधित हैंडपंपों के जल का उपयोग केवल बाहरी कार्यों जैसे सफाई आदि के लिए करने की सलाह दी गई। इस दौरान ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं जल के समुचित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया तथा पानी बचाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच श्रीमती सरिता मेश्राम, सचिव श्री अभिजीत सिंह चौहान, सहायक यंत्री श्री विजय कुमार तिवारी, उपयंत्री सुश्री शिवानी श्रीवास्त्री, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्री प्रतांशी पाठक एवं आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती बसंती हिरकने सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# कतरकना में जल संरक्षण को लेकर संवाद बैठक का आयोजन

जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कटंगी तहसील के ग्राम कतरकना में 22 अप्रैल को ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक***





नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम से जुड़े समाज कार्य के स्नातक एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं द्वारा ग्रामीणों के साथ संवाद बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान नलकूप के आसपास साफ सफाई अभियान चलाते हुए सोख्ता गड्ढे की सफाई की गई। ग्रामीणों को जल स्रोतों के पास स्वच्छता बनाए रखने, अपशिष्ट जल को सोख्ता गड्ढों के माध्यम से एकत्रित करने तथा भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए छोटे-छोटे वाटर हार्वेस्टिंग उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। संवाद के माध्यम से ग्रामीणों को अपने गांव की नदियों एवं सहायक नदियों के संरक्षण का महत्व समझाया गया, ताकि भविष्य में पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत ने ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए सभी को आने वाले समय में जल बचाने हेतु हर संभव प्रयास करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सुरेंद्र कुमार भगत (विकासखंड समन्वयक), अरविंद दरवाड़े (परामर्शदाता), ओमप्रकाश उइके (सरपंच), नथु पटले (ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष), अंजलि पिलगर (सामाजिक कार्यकर्ता) सहित चितौड चौधरी, कमल पटले, पूजा पिलगर, रंजू पिलगर, अंजू पिलगर, श्यामलता पी. पिलगर, मासूम पिलगर, छाया सेलरे, तारण बाई बोमचेर एवं अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# उपजेल वारासिवनी एवं ग्राम पंचायत सरण्डी में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***तहसील विधिक सेवा समिति वारासिवनी के तत्वाधान में उपजेल वारासिवनी तथा ग्राम पंचायत सरण्डी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री संजयराज ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे।***

इस अवसर पर जेल उपाधीक्षक सुश्री अंजु गोस्वामी, जेल प्रहरी श्री एल.एन. राय सहित अन्य कर्मचारी एवं जेल में निरुद्ध बंदी भी मौजूद रहे। शिविर के दौरान बंदियों को कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के बारे में विशेष रूप से अवगत कराया गया। बंदियों को बताया गया कि समझौते योग्य आपराधिक प्रकरणों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से सरल और त्वरित तरीके से किया जा सकता है, जिससे उन्हें शीघ्र राहत मिल सकती है।

इसके साथ ही बंदियों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता योजना एवं न्यायिक प्रक्रियाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान उपस्थित बंदियों की विधिक समस्याओं को भी सुना गया और उनके समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। शिविर का उद्देश्य बंदियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा न्याय तक उनकी आसान पहुंच सुनिश्चित करना रहा।





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
रूपेश रावते भानेगांव
मो. 9826602705

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

# दस दिवसीय उपासिका धम्म प्रशिक्षण शिविर 24 से



**जगप्रेरणा किरनापुर।**

***तहसील मुख्यालय ग्राम पंचायत किरनापुर के शाक्य मुनि बुद्ध विहार किरनापुर मे दिनांक 24 अप्रैल 2026 दिन शुक्रवार से दस दिवसीय धम्म प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ होने***

जा रहा है तत्संबंध मे जानकारी देते हुए भारतीय बौद्ध महासभा तहसील शाखा के महासचिव विनय चौरे ने बताया कि धम्म को जन जन तक पहुंचाने एवं आदर्श बौद्ध समाज बनाएं जाने के उद्देश्य से दस दिवसीय महिला प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में मुख्य प्रशिक्षक आदरणीय वैशाली ताई बोखारे (मुम्बई) से धम्म एवं महापुरुषों के इतिहास पर प्रकाश डालेंगे। शिविर में अधिक से अधिक संख्या मे धम्म अनुयायियों से पहुंचने की अपील भारतीय बौद्ध महासभा तहसील शाखा अध्यक्ष दुरेन्द्र सावनकर सहित समस्त सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने की है।

## रमगढ़ी मे अम्बेडकर जयंती पर फ़ैज़ान ताज की कव्वाली 25 को..

किरनापुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रमगढ़ी मे आगामी 25 अप्रैल शनिवार को विश्व रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 135 वीं जयंती समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। तत्संबंध मे जानकारी देते हुए भारतीय बौद्ध महासभा ग्रामीण शाखा रमगढ़ी अध्यक्ष नरेन्द्र तिरपुड़े ने बताया कि 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे धम्म वंदना कर जयंती समारोह पर दोपहर 12 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एवं शाम 5 बजे से ग्राम भ्रमण हेतु रैली निकाली जाएगी। तथा शाम 6 बजे से मंचीय कार्यक्रमो मे अतिथि वक्ताओं के उद्बोधन तथा रात्रि 10 बजे से प्रसिद्ध कव्वाल फ़ैज़ान ताज की कव्वाली का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर आयोजन समिति अध्यक्ष नरेन्द्र तिरपुड़े, उपाध्यक्ष कमलेश गजभिए, महासचिव दीपक सूर्यवंशी, सचिव मनोज डोंगरे, कोषाध्यक्ष हरिलाल डोंगरे, सलाहकार संतोष डोंगरे, देवेन्द्र तिरपुडे, मानिक डोंगरे, संयोजक कमलेश गेडाम, आदित्य वासनिक, संघटक कुलदीप वासनिक, सागर तिरपुड़े, महेन्द्र तिरपुड़े, राजकुमार डोंगरे, राजेन्द्र तिरपुड़े, विजय डोंगरे सहित समस्त सदस्यों ने आयोजित कार्यक्रमों मे उपस्थित होने की अपील की है।

## वारा मे बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम 1 मई को..

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम वारा के बुद्ध विहार मे विश्वशांति त्रिगुण पावन पर्व बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव 1 मई को मनाई जाएगी। तत्संबंध मे जानकारी देते हुए भारतीय बौद्ध महासभा तहसील शाखा महासचिव एवं बौद्धाचार्य विनय चौरे ने बताया कि वैशाख पूर्णिमा के दिन सिद्धार्थ गौतम का जन्म हुआ था। वैशाख पूर्णिमा के दिन ही उन्हें बुद्धत्व की प्राप्ति हुई थी और तथागत भगवान बुद्ध का महापरिनिर्वाण भी वैशाख पूर्णिमा को ही हुआ था इसी कारण इसे त्रिगुण पावन पूर्णिमा कहते हैं। 1 मई दिन शुक्रवार को ग्राम वारा मे आयोजित कार्यक्रमों मे बुद्ध विहार मे प्रातः 10 बजे पंचशील ध्वजारोहण कर पूजा वंदना की जाएगी तत्पश्चात् दिवंगत संजय चौरे की स्मृति मे शरबत वितरण किया जाएगा। और शाम 5 बजे से आयोजित मंचीय कार्यक्रमो में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित आदरणीय वैशाली ताई बोखारे ( केन्द्रीय शिक्षिका भारतीय बौद्ध महासभा मुम्बई) रहेंगी। विश्व शांति त्रिगुण पावन बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव कार्यक्रम मे समस्त अनुयायियों से पहुंचने की अपील भारतीय बौद्ध महासभा ग्रामीण शाखा वारा के सदस्य एवं पदाधिकारियों ने की है।

# जनपद पंचायत सीईओ गोपाल यादव को स्थानांतरण पर दी भावभीनी विदाई..



**जगप्रेरणा लांजी।**

***जनपद पंचायत लांजी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) रामगोपाल यादव को उनके स्थानांतरण पर आयोजित विदाई समारोह में सम्मान और भावनाओं का***

अदभुत संगम देखने को मिला। मई 2025 में पहली पदस्थापना के रूप में लांजी पहुंचे श्री यादव ने अपने शांत, सहज और मिलनसार स्वभाव से कम समय में ही जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों और आमजन के बीच विशेष पहचान बनाई। उनकी कार्यशैली में समन्वय, संवेदनशीलता और तत्परता की झलक साफ दिखाई देती रही, जिसके कारण उनका यह कार्यकाल सभी के लिए यादगार बन गया। विदाई कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इस दौरान सभी अतिथियों एवं सीईओ का पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। समारोह के दौरान श्री यादव ने भावुक शब्दों में कहा कि श्यह मेरी पहली पदस्थापना थी, इसलिए लांजी मेरे जीवन का एक अहम और यादगार अध्याय रहेगा। यहां के लोगों से जो स्नेह और सहयोग मिला, वह मेरे लिए अविस्मरणीय है। जनपद पंचायत के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हर परिस्थिति में साथ दिया, जिससे कार्य करने का उत्साह हमेशा बना रहा। कार्यक्रम का संचालन लेखराम रामटेक्कर द्वारा किया गया। अंत में सभी वक्ताओं ने श्री यादव की कार्यशैली, सरलता और समन्वयकारी नेतृत्व की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पहली पदस्थापना मे ही परिपक्व रहे श्री यादव..

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद अध्यक्ष श्रीमती अर्चना रेवेंद्र खोंगल ने कहा कि श्री यादव के कार्यकाल में जनपद में अनेक सराहनीय कार्य हुए और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचा। वहीं उपाध्यक्ष अजय अवसरे ने अपने संबोधन में कहा कि पहली पदस्थापना के बावजूद श्री यादव ने एक परिपक्व अधिकारी की तरह कार्य किया। उनके कार्यकाल में सभी जनप्रतिनिधियों और कर्मचारियों को सहज वातावरण मिला, जहां समस्याओं का त्वरित समाधान होता था। वहीं जब श्री यादव लांजी में पदस्थ हुए थे तब हमारा क्षेत्र नक्सल प्रभावित था वहीं अब उनके जाने के पूर्व ही नक्सल मुक्त हो चुका है।

## कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति..

समारोह में जनपद पंचायत सदस्यों, सरपंच संघ, सचिव संघ, मेट संघ एवं द्वारा शॉल और श्रीफ्ल भेंटकर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जनपद सीईओ अंकित सिंघई, जनपद अध्यक्ष अर्चना खोंगल, उपाध्यक्ष अजय अवसरे, पूर्व अध्यक्ष देवेन्द्र खोंगल, रेवाजी कराहटकरे, दिनेश लांडे, महेन्द्र पटले, महेश चौधरी, श्यामलाल बेदरे, नीलकंठ ठाकरे, सरपंच संघ अध्यक्ष ललित कबीरे एवं एसडीओ टी.पी. परते सहित अन्य जनप्रतिनिधि और कर्मचारी उपस्थित रहे।

वहीं सरपंच राम ठाकरे, लक्ष्मण कावरे, राजकुमार टांडेकर, कोमल भगत, गणेश बागड़े, प्रभुदयाल किरमे, महेंद्र बोरकर, प्रभुशंकर भर्रे, ताराचंद कुचलाहे, छत्रपाल मचिया, वहीं जनपद के अधिकारी कर्मचारियों में मोहित शर्मा, दुष्यंत उमरे, राजूप्रसाद हरिंद्रवार, नितिन शुक्ला, विजय वंजारी, राजाराम परते, सुरेश कुहाने, राजेंद्र टांडेकर, सुनीता तिवारी, तरूणा वासनिक, तुरजाबाई चामलाटे, युवराज आमाडारे, वहीं सचिवों में भुवन कबीरे, उकराम भगत, पवन कंकरायने, जितेंद्र झा, आशीष अगासे, चंदू बोरकर, चन्दु रावते,नंदकुमार बिहोने, कृष्ण कुमार महिश्वरे, महेंद्र सिरामे, संदीप मर्सकोले, खेलचंद कटरे, नीलेश्वर मोरघड़े, दशरथ उपराड़े, भुवन फुल्लारे सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधी एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लगातार बढ़ रही गर्मी, सावधानी बरतने की जरूरत, अशुद्ध खाने से हो सकता है नुकसान..





**जगप्रेरणा लांजी।**

***क्षेत्र में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी ने आमजनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। एक ओर जहां तापमान में लगातार बढ़ोतरी से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है,***

वहीं दूसरी ओर सड़क किनारे बिकने वाले सस्ते पेय पदार्थ, मिलावटी खाद्य सामग्री और शादी-विवाह में परोसे जा रहे अस्वच्छ भोजन ने सेहत पर दोहरा खतरा खड़ा कर दिया है। बुधवार को अधिकतम तापमान करीब 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गयाए जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के आसपास रहा। सुबह 11 बजे के बाद ही तेज धूप और गर्म हवाओं (लू) के कारण सड़कों और बाजारों में सन्नाटा पसर जाता है। जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग भी सिर और चेहरे को ढंककर निकलने को मजबूर हैं। गर्मी का सबसे ज्यादा असर मजदूर वर्ग, राहगीरों और छोटे व्यवसायियों पर देखा जा रहा है।

तेज गर्मी के बीच लोग राहत के लिए ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं, लेकिन सड़क किनारे खुले में बिकने वाले रंगीन शरबत, बर्फके गोले और अन्य सस्ते पेय पदार्थ स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित हो रहे हैं। इसके अलावा शादी-विवाह और सामाजिक आयोजनों में परोसे जा रहे भोजन में भी स्वच्छता और गुणवत्ता को लेकर लापरवाही सामने आ रही है, जिससे फूड पॉइजनिंग और अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

## अस्पतालों में बढ़ रहे मरीज..

स्थानीय स्वास्थ्य केंद्रों में इन दिनों उल्टी, दस्त, चक्कर आना और डिहाइड्रेशन के मरीजों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, लू के साथ-साथ दूषित भोजन और पेय पदार्थों का सेवन इन बीमारियों का प्रमुख कारण बन रहा है। खासकर बच्चे और बुजुर्ग जल्दी इसकी चपेट में आ रहे हैं। बीएमओ अक्षय उपराड़े ने लोगों को गर्मी से बचाव के साथ-साथ खानपान में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। उनका कहना है कि दोपहर 12 से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें, अधिक मात्रा में साफ पानी और तरल पदार्थ का सेवन करें, सड़क किनारे खुले में बिकने वाले पेय पदार्थों और खाद्य सामग्री से परहेज करें, शादी-विवाह या आयोजनों में बासी या संदिग्ध भोजन से बचें, हल्के व सूती कपड़े पहनें और धूप में निकलते समय सिर को ढंककर रखें, लू या कमजोरी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत छायादार स्थान पर आराम करें और चिकित्सक से संपर्क करें। गर्मी के इस बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जरूरी है कि लोग सावधानी बरतें और सुरक्षित खानपान अपनाएं ताकि लू और मौसमजनित बीमारियों के साथ-साथ मिलावटी खाद्य.पेय से होने वाले खतरों से भी बचा जा सके।

# मोटर साइकिल चालक ने मारी टक्कर, तीन घायल, लगातार हो रही दुर्घटनाएं चिंता का विषय





**जगप्रेरणा लांजी।**

***क्षेत्र में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं। आए दिन हो रहे हादसों के पीछे तेज रफ्तार और शराब के नशे में वाहन चलाने जैसी लापरवाहियां मुख्य कारण बनकर सामने आ रही हैं।***

इसके बावजूद वाहन चालक नियमों की अनदेखी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। बीते एक पखवाड़े में लगभग हर दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें कई घटनाएं इतनी भीषण रहीं कि जनहानि तक हुई। इन हादसों के पीछे नशे में वाहन चलाना, तेज रफ्तार और नाबालिगों द्वारा बेधड़क वाहन चलाना प्रमुख कारण बनकर उभर रहे हैं।

प्रशासनिक सख्ती के बावजूद हालात चिंताजनक बने हुए हैं। क्षेत्र में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए आवश्यक है कि वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करें और विशेष रूप से शराब के नशे में वाहन चलाने से बचें, ताकि ऐसे हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। प्रशासन द्वारा भी समय-समय पर जागरूकता और सख्ती बरतने की जरूरत महसूस की जा रही है। इसी कड़ी में 21 अप्रैल की रात लगभग 9 बजे लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुलापुर स्थित आरा मिल के पास एक सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिलीप कारमेंघे (45 वर्ष) निवासी दुलापुर अपने साथ एक बालक तुमन कारमेंघे के साथ मोटरसाइकिल से लांजी से अपने गांव लौट रहे थे।

इसी दौरान आरा मिल के पास पैदल जा रहे अर्जुन नारनौरे (55 वर्ष) निवासी दुलापुर को बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे में अर्जुन नारनौरे, दिलीप कारमेंघे और तुमन कारमेंघे तीनों घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाकर भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है।

# पृथ्वी, जल, पेड़, खनिज संपदा का करे संरक्षण कारंजा में मनाया विश्व वसुंधरा दिवस..







**जगप्रेरणा लांजी।**

***क्षेत्र के ग्राम कारंजा स्थित बाला साहब शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 22 अप्रैल 2026 को विश्व वसुंधरा दिवस हर्षोल्लास और जागरूकता के साथ मनाया गया।***

कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य आर. के. घोरमारे की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं इको क्लब के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर पृथ्वी संरक्षण, जल संरक्षण, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संतुलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पृथ्वी, जल, पेड़-पौधों एवं खनिज संपदा के महत्व को रेखांकित करते हुए इनके संरक्षण की आवश्यकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बच्चों ने बताया कि प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन भविष्य के लिए गंभीर खतरा बन सकता है, इसलिए अभी से जागरूक होकर संरक्षण की दिशा में कार्य करना आवश्यक है।

प्राचार्य घोरमारे एवं सभी शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए दैनिक जीवन में छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से प्रकृति को बचाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर जिम्मेदारी निभाए, तो पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय में स्लोगन, चित्रकला, निबंध एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। साथ ही सभी उपस्थितों को वसुंधरा संरक्षण हेतु शपथ भी दिलाई गई, जिसमें पर्यावरण की रक्षा करने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक वाई. के. राहंगडाले, आर. के. चौधरी, कु. कौशल्या दशहरे, श्रीमती धम्मशिला मेश्राम, राजकुमार वैद्य, प्रजल टेंभरे एवं इको क्लब प्रभारी मनोज नगपुरे का विशेष योगदान रहा।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राहगीरों के लिए शुरू किया जल मंदिर






**जगप्रेरणा लांजी।**

***भीषण गर्मी के बीच समाज सेवा की भावना को साकार करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बालाघाट की लांजी इकाई ने सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि के तहत नगर के वार्ड नंबर दो स्थित शासकीय***

महाविद्यालय पहुंच मार्ग पर यात्री प्रतीक्षालय के समीप में जल मंदिर की स्थापना की है। इस पहल का उद्देश्य राहगीरों, श्रमिकों और आम नागरिकों को शुद्ध एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद के पदाधिकारियों और विद्यार्थियों की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर नगर मंत्री ऋषभ रजक ने कहा कि भीषण गर्मी में पेयजल की व्यवस्था करना एक महत्वपूर्ण सेवा कार्य है, जो न केवल लोगों को राहत देता है बल्कि समाज में सहयोग और सेवा की भावना को भी सुदृढ़ करता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री राहुल विश्वकर्मा, जिला संयोजक आदित्य अग्रवाल उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय प्रमुख ललित भरने, सह मंत्री जागृति शुक्ला, सोयांश अग्रवाल, राजा नागपुरे, रेशमी ऊरूडे तथा पूर्व प्रांत सह मंत्री उज्ज्वल श्रीवास्तव सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जल मंदिर के माध्यम से पूरे दिन ठंडे पानी की सुविधा उपलब्ध रहेगी, जिससे राह चलते लोगों को प्यास बुझाने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। परिषद के कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह सेवा कार्य पूरे गर्मी के मौसम में निरंतर जारी रहेगा और पानी की स्वच्छता व नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

जग प्रेरणा
# साहित्य/अभिव्यक्ति
● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख

**लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..**

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## जिनके हाथों में आतंक की चिंगारी, वही अब शांति की मशाल लिए नाच रहे हैं!

पिछले कुछ वर्षों का वैश्विक परिदृश्य किसी जीवंत त्रासदी से कम नहीं रहा। दुनिया ने युद्धों को केवल इतिहास की पुस्तकों में नहीं, बल्कि 'लाइव प्रसारण' के रूप में देखा और उसके दंश को प्रत्यक्ष रूप से भोगा। विडंबना यह है कि जिन राष्ट्रों का इन संघर्षों से प्रत्यक्ष सरोकार नहीं था, वे भी महँगाई, ऊर्जा-संकट और पर्यावरणीय क्षति के रूप में इस वैश्विक 'युद्ध-कर' को चुकाने के लिए विवश हैं।

इन युद्धों के पीछे विस्तारवाद, वैश्विक वर्चस्व की होड़, परमाणु शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा और नाटो जैसे संगठनों में शामिल होने की प्रतिस्पर्धा स्पष्ट दिखाई देती है। कुछ विश्लेषक इन्हें 'ग्लोबल वेपन एक्सपो' तक कहने लगे हैं, जहाँ महाशक्तियाँ अपने हथियारों का प्रदर्शन करते हुए कमजोर देशों को 'टेस्टिंग ग्राउंड' में बदल रही हैं। इस बाजारवादी युग में मानवता और प्रकृति दोनों ही 'कोलेटरल डैमेज' बनकर रह गए हैं।

वर्तमान में ईरान, अमेरिका और इजराइल का त्रिकोण वैश्विक चिंता का केंद्र बना हुआ है। अमेरिका और इजराइल लंबे समय से ईरान पर हिज्बुल्लाह, हमास और हूती जैसे संगठनों को समर्थन देने का आरोप लगाते रहे हैं। यह भी कहा जाता है कि ईरान इन संगठनों के माध्यम से पश्चिम एशिया में अपना प्रभाव बनाए रखना चाहता है। यूरेनियम संवर्धन के सहारे क्षेत्रीय महाशक्ति बनने की उसकी आकांक्षा है।

हालिया सैन्य कार्रवाइयों में अमेरिका और इजराइल ने ईरान की सैन्य ताकत को बहुत ज्यादा क्षति पहुँचाई है, फिर भी ईरान पीछे हटने को तैयार नहीं है,हार मानने के लिए राजी नहीं। अपितु 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य' के माध्यम से वैश्विक व्यापार को प्रभावित कर उसने अपनी सामरिक ताकत का प्रदर्शन किया है। इस नई व्यवस्था का प्रभाव अब लगभग पूरे विश्व पर दिखाई दे रहा है- आर्थिक दबाव, जन असंतोष और युद्ध-विरोधी स्वर तेजी से उभर रहे हैं। यही कारण है कि आक्रामक शक्तियाँ अब 'सम्मानजनक शांति' की राह तलाश रही हैं।

इस परिदृश्य का सबसे विडंबनापूर्ण पक्ष तब सामने आता है, जब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई का दावा करने वाला अमेरिका, ईरान से संवाद के लिए पाकिस्तान को मध्यस्थ बनाता है। वही पाकिस्तान, जो लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों की पनाहगाह रहा है। ओसामा बिन लादेन को शरण देने वाले देश के माध्यम से शांति की पहल, अंतरराष्ट्रीय राजनीति के नैतिक द्वंद्व को उजागर करती है।

यह स्थिति कई प्रश्न खड़े करती है,क्या आतंकवाद की परिभाषा देश,काल,परिस्थितियों के अनुसार बदलती रहती है? क्या वैश्विक शक्तियाँ अब सिद्धांतों के बजाय स्वार्थों से संचालित हो रही हैं? यदि आतंक की फैक्ट्री ही शांति का शोरूम खोलने लगे, तो यह मान लेना चाहिए कि आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष कहीं न कहीं केवल दिखावा बनकर रह गया है।

पाकिस्तान में आयोजित शांति वार्ता का विश्लेषण बताता है कि अमेरिका 'प्रतिबंधों की तलवार' और 'शांति के प्रस्ताव' दोनों के साथ इस वार्ता में उपस्थित हुआ, जबकि ईरान ऐस तरह से शर्तें रखी, मानो वह पराजित नहीं, बल्कि निर्णायक स्थिति में हो। यह पूरी प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की जटिलता और अवसरवादिता को दर्शाती है। वहीं इजराइल ने इस प्रक्रिया से स्वयं को अलग रखते हुए संकेत दिया है कि बारूद की गंध के बीच शांति संभव नहीं। वहीं चीन और रूस जैसे महाशक्तियां इस पूरे घटनाक्रम में ऊपर से मौन दर्शक बने रहकर रणनीतिक लाभ लेने की स्थिति में हैं,अपना उल्लू सीधा करते हुए दिखाई देते हैं।

सही मायने में देखा जाए तो आज विश्व एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहाँ 'आतंकवाद' की परिभाषा सुविधानुसार बदल दी जाती है। जब तक हिंसा पड़ोसी के घर तक सीमित रहती है, वह स्वतंत्रता के लिए 'संघर्ष' कहलाती है; लेकिन जब वही अपने घर तक पहुँचती है, तो 'आतंकवाद' बन जाती है। यही दोहरा मापदंड वैश्विक शांति और विश्व से आतंकवाद की समाप्ति के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है।

जिस पाकिस्तान को कल तक 'आर्थिक रूप से जर्जर' और आतंकवाद का आश्रयदाता कहकर विश्व समुदाय कठघरे में खड़ा करता था, आज वही शांति की मशाल थामे मध्यस्थ बनने का दावा कर रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति का वह विचित्र रंगमंच है, जहाँ पात्र नहीं, भूमिकाएँ बदलती हैं और सत्य अक्सर पर्दे के पीछे छूट जाता है।जब कातिल ही न्यायाधीश की कुर्सी पर आसीन हो जाए, तो यह केवल विडंबना नहीं, बल्कि व्यवस्था की गहरी विकृति का संकेत है। यह वह दौर है जहाँ सिद्धांतों की नहीं, अवसरों की बोली लगती है; जहाँ नैतिकता नहीं, बल्कि रणनीतिक सुविधा ही निर्णयों का आधार बनती है।

ऐसे में प्रश्न केवल पाकिस्तान का नहीं, बल्कि उस वैश्विक व्यवस्था का है, जो समय-समय पर अपने ही घोषित मूल्यों से समझौता कर लेती है। शायद यही कूटनीति का सबसे कटु सत्य है।

लेखक



**प्रो.मनमोहन प्रकाश**

## मोहब्बत ज़रा नहीं है..

चेहरे पर खिलखिलाहट ज़रा नहीं है
पर, किसी से शिकायत ज़रा नहीं है।

बुरे दौर से गुजरने के बाद भी दोस्त
किरदार में मेरे मिलावट ज़रा नहीं है।

एक समय था पागल था उसके लिए
पर अब उससे मोहब्बत ज़रा नहीं है।

समय ने पैसों को भगवान बना दिया
अब मेरे अंदर
इबादत ज़रा नहीं है।

सुकून की तलाश
में मैखाने जाता हूं
वरना मुझे पीने की
आदत ज़रा नहीं है।

रोज मरता है संजय
जीने के भ्रम में
इश्क के मरीज को
राहत ज़रा नहीं है।

लेखक



**संजय अश्क**
**पुलपुट्टा, बालाघाट**

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को.. बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।

## हम किसी से शिक़ायत करते नहीं..

हम किसी से शिक़ायत करते नहीं,
वो कहते हैं मोहब्बत करते नहीं।
रात दिन जिसकी हमनें पूजा किया,
वो किसी रब की इबादत करते नहीं।
जिसने प्यार सभी से किया है सनम,
वो कभी किस से अदावत करते नहीं।
उनके दिल पत्थर के हो सकते नहीं,
जो किसी से कभी नफ़रत करते नहीं।
यार इश्क़ राहत है इश्क जिसका सुंकूँ,
बेवफ़ा पे कभी वो इनायत करते नहीं।

**अनिल कसेर 'उजाला'**

## दशा महा दशा..


देश का तापमान।
बढ़ता जा रहा है।
राज्यतंत्र का पारा।
तीव्रतम पहुंच गया है।
उपहास परिहास का।
प्रलोभन का
उद्योग हो गया।
यह संदेश देखिए।
वर्तमान ध्रष्टराष्ट मन है।
नौटंकी का खेल
चल रहा है।
हकीकत का
व्याख्यान कहे।
सत्ता हस्तांतरण
का तंत्र कहे।
गजब की दशा महा दशा है।
इस खेल में अरबो रुपिया।
फूका जा रहा।
फिर भ्रष्टाचार का आयेगा।
जो गया उसे निकाला जायेगा।
नदियों में स्नान कर।
मन पवित्र होता है।
इन्हें किस नदियों में।
डुबकी लगानी चाहिए?

लेखक



**आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'**


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 104



Âij l; ulpi \& 1) बकरी 2) मक्खियों का आवाज करना 3) स्त्री जाति का प्राणी 4) पुराने अभिनेता सुनील दत्त का अभिनेत्री पत्नी का नाम 5) गणेशजी 6) पीछे मुड़ना 7) खोवा 8) नासमझी, मूर्खता 9) जल, नीर 10) बहस, चर्चा 11) कृतज्ञ, स्वामीनिष्ठ 12) परिणाम 13) अंतःपुर 14) रामायण में सीता के ससुर 18) भेट, संयोग, मिलाप 21) अपरिचित 24) दीप दान, आरती 25) अस्थायी, नश्वर 26) यदु के वंशज, यदु–संबंधी 28) मारे मारे फिरना अर्थवाला एक मुहावरा 30) रंक, गरीब 32) घरों में पानी प्राप्त करने का साधन 35) केवल, निरा 38) किस तरह का 40) राजपूतों की एक जाति या कुलनाम 41) हमेशा, सदैव 42) पुरानी फिल्म 'आशिकी' या 'गजब तमासा' की हीरोईन 43) दुर्घटना 45) बायां 46) संधी,, समझौता 48) अस्वीकार, अमान्य 50) भ्रान्ती,, लोभ 51) पति की बहन 52) अनुबंध पत्र 53) बड़ा तकिया 54) माता का अपनी सन्तान पर स्नेह, अपनापन, ममत्व 55) बारह राशियों में एक 58) मुसलमानों का धर्मशास्त्र 59) सुन्दरता, उत्तम रुप 61) सौगंध, शपथ 62) जंगल 63) प्रतिबंध, मनाई 66) ईसा बताये गये धर्म पर चलनेवाला, ईसा का अनुयायी 68) हमारी गानसम्राज्ञी 69) खमीरी रोटी,, चपाती 72) .......... 74) सुकुमारी 77) खुश करना 79) तमगा 80) लेकिन 81) चमड़े के ऊपर की झिल्ली का उभड़ आना, फफोला 83) शासन 85) दुःख, शोक 86) जानकारी मालूम करना 87) दानादाना 88) कलम रखने का पात्र 90) धनुष्य 92) प्रारंभ (संस्कृत) , 'इति' का विरुद्धार्थी शब्द 94) मृतक (उर्दू) 95) प्रश्न 96) योग्य 97) आतिशबाजी की एक चीज, एक फल 99) आक्रमण 101) हुर, बालकथाओं में वर्णित पंखवाली सुन्दर स्त्री 102) देह, शरीर 104) छोटी गुठलीवाला एक खट्टा मिठा फल (जवाब अगले अंक में)

ck;l l; nk;l \& 1) घमंड 5) झूठ बोलना या बकवास करना अर्थवाला एक मुहावरा 9) रामविलास.........., हमारे एक भूतपूर्व केन्द्रीय रेलमंत्री का कुलनाम 12) जिसे किसी बंद स्थान में किसी के निगरानी में रखा गया हो 15) सजीव, शक्तिशाली 16) नखरा, सौंदर्य, दर्शन 17) बिजली 19) प्राचीन काल के निषध देश के राजा नल की पत्नी का नाम 20) न्हास, गिरने की प्रक्रिया 21) वायु, हवा 22) नाव चलानेवाला 23) पुराने जमाने की फिल्मों के एक जानेमाने हास्य अभिनेता 25) बिना प्रयास के या बिना श्रम के 27) लगातार (मारना आदि) 29) सरीता 31) सामान या व्यक्तियों को ले जानेवाला यान 33) श्रीकृष्णद्वारा गोपियों के साथ की गयी लीला का नाम 34) आवाज, शब्द 35) अंतःकरण, दिल 36) ठंड़ में ओढ़ी जानेवाली रुई भरी चादर 37) सौदे में बिचौलिया का काम करनेवाला 39) सुअर 41) घर 44) शादी के बारातियों के ठहरने का स्थान 47) भारी 49) समर्थन, स्वीकृती 54) एक महीन कपड़ा 56) डर, आशंका 57) कृतघ्न, अहसान न माननेवाला (उर्दू) 59) रशिया का संक्षिप्त रुप 60) गंध 61) हाथ के बल लेटने की मुद्रा 63) बीमारी 64) खालीपन, रिक्तता 65) धनवान 67) अनुकरण करना 70) शत्रुघ्न सिन्हा के 'कालीचरण' फिल्म की हीरोईन 71) बहस 73) किसी के सामने या समक्ष होने का भाव, मुकाबला 75) रिश्ता 76) प्राचीन काल के चार आश्रमों से एक 78) गरमी, जलन, ताप 80) छाया, बिंब 82) बुढ़ापा, थोड़ासा 84) कल्याण, शुभ 89) रसदार, रसयुक्त 90) सेविका, दासी 91) खेल (अंग्रेजी) 92) अन्न देनेवाला, प्रतिपालक 93) कीचड़ में खिलनेवाला एक फूल 95) बराबर, तुल्य 96) मृतदेह, शव 97) अनथक, बिना थके हुये 98) अट्टहास, जोर से हंसना 100) एक विदेशी मद्य 101) मल्ल, कुश्ती लड़नेवाला 102) निश्चित करना 103) विष्णु का एक नाम 104) अशिष्टतापूर्ण 105) खाली,, रिक्त 106) सूर्य 107) जीभ 108) बड़ी नाली 109) जर्मनी का निवासी (अपभ्रंश रुप)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## चांद का टुकड़ा : श्रीदेवी

रुप की रानी श्रीदेवी ने कई सफल फिल्मों में अदाकारी की है. आज की इस पहेली में श्रीदेवी द्वारा अभिनीत कुछ फिल्मों के नाम छुपे हुये है. ढुंढ सकते है आप उन्हें?

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | श्री | दे | क | वी | औ | श्री | म | दे | वी | न |
| श्री | स्टि | दे | र्मा | ला | वी | श्री | वा | खु | दे | ज |
| म | क | स | द | वी | का | ब | ली | दा | न | रा |
| श्री | दे | वी | चौ | मा | स्ट | र | जी | ग | श्री | ना |
| दे | चां | द | नी | ध | वी | श्री | तो | वा | दे | नि |
| मि | बं | द | आ | ख | री | रा | स्ता | ह | वी | गा |
| स्ट | आ | जा | का | चा | ल | बा | ज | हिं | फा | हें |
| र | मीं | श्री | र | टु | ज्यु | ली | गु | म | रा | ह |
| इं | क | ला | ब | न | क | रु | दे | त | वी | न |
| डि | जा | नी | दो | स्त | दे | ड़ा | श्री | वा | दे | गि |
| या | श्री | दे | वी | व | जु | दा | ई | ला | श्री | ना |

पिछले अंक की माथापच्ची का जवाब :– विरासत, अंत्यविधी, ॲमेझान, दिलवर
अर्थपूर्ण वाक्य : सत्यमेव जयते

## सू-डोकू- 104

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | |
| 7 | | 6 | | 4 | 8 | 2 | | |
| | 4 | 2 | | | 6 | | 1 | 7 |
| 5 | | | 3 | 9 | 7 | | 4 | |
| | 9 | 7 | | 8 | 4 | 1 | | 3 |
| 4 | | 3 | 5 | | | | 7 | 2 |
| 2 | 7 | | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | |
| | 5 | | 6 | 7 | | 4 | 3 | 8 |
| 3 | 6 | 8 | 4 | 1 | | | | |

● आपको हर आड़ी और खड़ी पंक्ति में 1 से 9 यह अंक इस तरह लिखना है की, एक पंक्तिमें एक अंक एकही बार आना चाहिये. ● हर आड़ी और खड़ी पंक्ति और हर 3 X 3 के वर्ग में 1 से 9 यह अंक आनाही चाहिये. ● पहले से छपे अंको को हिलाना नहीं..

I Mkd 103dk tokc

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 |
| 6 | 2 | 1 | 7 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 7 | 8 | 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 5 |
| 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 | 9 | 6 |
| 2 | 4 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 | 8 | 1 |
| 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 6 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 |
| 3 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 | 9 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 3 | 5 | 2 |





# खेलों को बढ़ावा देने दंतेवाड़ा पहुंचे तेंदुलकर..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***पूर्व महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर बुधवार को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए जो जमीनी स्तर की खेल पहल का हिस्सा है और इसका मकसद कभी माओवाद से प्रभावित रहे इस इलाके को एक फलता-फूलता खेल केंद्र बनाना है और युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करना है।***

इस अवसर पर तेंदुलकर ने इस बात पर जोर दिया कि सफलता के लिए कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगातार अभ्यास जरूरी है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य हासिल करने का कोई 'शॉर्टकट' नहीं होता। उन्होंने बच्चों को यह भी सलाह दी कि वे सोच-समझकर दोस्त चुनें और अच्छे इंसान बनने की कोशिश करें।

वे छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के छिंदनार गांव में स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम हाई स्कूल में एक बहु खेल मैदान का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। इस मैदान को जमीनी स्तर की खेल पहल के तहत विकसित किया गया है जिसका मकसद कभी माओवाद से प्रभावित रहे इस इलाके को एक खेल केंद्र के रूप में बदलना है।

यह जिला प्रशासन की 'मैदान कप' पहल के तहत विकसित किए गए 25 मैदानों में से एक है। इस पहल को सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मान देसी फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है और इसका उद्देश्य इस क्षेत्र की संघर्ष-ग्रस्त छवि को मिटाना तथा खेल संस्कृति को बढ़ावा देना है। पिछले साल शुरू की गई इस पहल का लक्ष्य पूरे जिले में 50 खेल के मैदान बनाना है।

तेंदुलकर जगदलपुर हवाई अड्डे पर पहुंचे और बाद में दंतेवाड़ा के छिंदनार गांव गए। उनके साथ उनकी बेटी सारा और बहू सानिया चंडोक भी मौजूद थीं। इस महान बल्लेबाज ने बच्चों से कहा कि प्रतिभा भले ही ईश्वर का तोहफा हो लेकिन सफलता व्यक्तिगत प्रयासों पर निर्भर करती है।



उन्होंने बच्चों को अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा, 'अपने लक्ष्य तक पहुंचने का कोई शॉर्टकट नहीं है। कड़ी मेहनत, अनुशासन और एकाग्रता बेहद जरूरी हैं।'

बुनियादी ढांचे के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य के चैंपियनों को तैयार करने के लिए मजबूत बुनियादी सुविधाएं बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कई खेलों में हिस्सा लेने पर भी जोर दिया और कहा कि इससे रणनीतिक सोच और मानसिक मजबूती विकसित करने में मदद मिलती है। तेंदुलकर ने कहा कि 'छिपे हुए हीरों' को पहचानने में कोच अहम भूमिका निभाते हैं जबकि अपने भविष्य को संवारने की जिम्मेदारी बच्चों की ही होती है जो वे लगन और दृढ़ता से निभाते हैं।

अपने बचपन को याद करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा खेल के मैदानों से शुरू हुई थी और पहले दंतेवाड़ा जैसे इलाकों में ऐसी जगहों की कमी ने इस पहल को और भी अधिक सार्थक बना दिया है। उन्होंने मार्गदर्शन के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा कि इस पहल के तहत तय किया गया है कि विशेषज्ञ कोच लगभग 100 स्थानीय शिक्षकों को प्रशिक्षित करेंगे जिससे कि वे छात्रों को प्रभावी ढंग से सलाह दे सकें। तेंदुलकर ने कहा, 'ऊर्जा को दिशा की जरूरत होती है। सही मार्गदर्शन से प्रतिभा को निखारा जा सकता है और उसका महत्व बढ़ाया जा सकता है।'

छात्रों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि यह खेलने और खेलों का आनंद लेने की उम्र है। हालांकि पढ़ाई भी उतनी ही जरूरी है और यह अच्छे दोस्त बनाने का भी समय है। तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें अपने पिता से जो सबसे महत्वपूर्ण सलाह मिली वह यह थी कि हमेशा एक अच्छे इंसान के तौर पर याद रखे जाने का प्रयास करना चाहिए। इस कार्यक्रम में लड़कियों की समान भागीदारी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि महिलाएं हर परिवार की रीढ़ होती हैं और प्रगति के लिए उनकी भागीदारी जरूरी है।


तेंदुलकर ने बच्चों से बातचीत भी की और उनके साथ रस्साकशी और वॉलीबॉल जैसे खेल भी खेले। इस कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं और विजेताओं को तेंदुलकर ने सम्मानित किया। स्थानीय कलाकारों और निवासियों ने उन्हें पारंपरिक हस्तशिल्प भेंट कर सम्मानित किया जबकि बच्चों ने कार्यक्रम के दौरान केक काटकर उनके आगामी जन्मदिन का जश्न मनाया। इससे पहले जगदलपुर हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए तेंदुलकर ने कहा, 'मुझे बहुत खुशी है कि हमने (मैदान कप पहल के तहत) लगभग 50 स्कूल में खेल के मैदान विकसित किए हैं।'

तेंदुलकर ने बताया कि दंतेवाड़ा में 'मैदान कप' प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है जिसे 'मान देसी' और 'सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन' का समर्थन प्राप्त है। इससे पांच हजार से अधिक बच्चों को फायदा हो रहा है। दंतेवाड़ा कभी माओवादी हिंसा के लिए जाना जाता था। इसमें 2010 में ताड़मेटला (अब सुकमा जिले में) में हुआ वह हमला भी शामिल है जिसमें 76 सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। यह जिला हालांकि अब एक बदलाव का गवाह बन रहा है।

# निरंतरता बनाए रखने के लिए एक दूसरे का सामना करेंगे मुंबई और चेन्नई..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***अब तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाली पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम गुरुवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आमने-सामने होंगी तो वे अपने पूर्व कप्तानों रोहित शर्मा***




और महेंद्र सिंह धोनी की संभावित वापसी पर नजर रखकर अपने खेल में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करेंगी। रोहित (हैमस्ट्रिंग) और धोनी (पिंडली में खिंचाव) वापसी की राह पर हैं, लेकिन यह देखना बाकी है कि क्या इनमें से कोई भी इस महत्वपूर्ण मुकाबले के लिए वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर उतरेगा। रोहित ने मंगलवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया लेकिन वर्तमान टूर्नामेंट में अभी तक एक भी मैच नहीं खेलने वाले धोनी ने जमकर अभ्यास किया। इससे उनकी इंपैक्ट प्लेयर के रूप में वापसी की संभावना बन गई है।

इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की वापसी इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है कि अब तक पांच-पांच खिताब जीतने वाली यह दोनों टीम कई समस्याओं से जूझ रही हैं। सीएसके ने प्रत्येक टीम की तरह टूर्नामेंट की शुरुआत फॉर्म और सही संयोजन की तलाश में की लेकिन जैसे ही वे लय में आने लगे, उसके युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए जो सीएसके के लिए बड़ा झटका है।

इससे सीएसके को बल्लेबाजी में नए सिरे से रणनीति बनानी पड़ रही है। गुजरात के विकेटकीपर-बल्लेबाज उर्विल पटेल को म्हात्रे की जगह टीम में शामिल किया जा सकता है। सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों मिली हार के बाद सीएसके अपने सभी बल्लेबाजों से अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद करेगी। पिछले मैच में उसके मध्यक्रम के बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। सरफराज खान ने अब तक 147 रन बनाए हैं लेकिन वह अभी तक अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए हैं, विशेषकर तब जबकि कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने सिर्फ 82 रन बनाकर निराशाजनक प्रदर्शन किया है। इसी तरह संजू सैमसन (192 रन) पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा।

उन्होंने इसी मैदान पर टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन किया था। सीएसके लगातार दो मैचों में हार के सिलसिले को तोड़ने के लिए बेताब होगा। वह मुंबई के खिलाफ हाल के अपनी रिकॉर्ड से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगा। उसने इन दोनों टीम के बीच पिछले पांच मुकाबलों में से चार में जीत हासिल की है। दोनों टीम के अभी चार-चार अंक हैं। मुंबई बेहतर नेट रन रेट के कारण सीएसके से आगे है।

अहमदाबाद में तिलक वर्मा के शानदार प्रदर्शन ने मुंबई इंडियंस को लगातार चार मैचों की हार का सिलसिला तोड़ने में मदद की, लेकिन उसके लिए अब भी राह आसान नहीं है। मुंबई के लिए सबसे बड़ी चिंता भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव और इस फ्रेंचाइजी टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या के फॉर्म को लेकर बनी हुई है। सूर्यकुमार अभी तक केवल एक अर्धशतक ही बना पाए हैं जबकि हार्दिक जरूरत पड़ने पर पारी को संभालने या आखिर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने में नाकाम रहे हैं।

टीम ने नमन धीर पर भरोसा जताया है और वह अब तक इस पर खरे उतरे हैं। जसप्रीत बुमराह आखिरकार पिछले मैच में विकेट लेने में सफल रहे जबकि अश्वनी कुमार के चार विकेट ने टीम की चिंताओं को कम किया क्योंकि ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर और हार्दिक में से कोई भी शुरू में लगातार सफलता नहीं दिला पाए थे। मुंबई इंडियंस के इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स टीम में शामिल हो गए हैं और उनकी वापसी से टीम को मजबूती मिलेगी।

### टीम इस प्रकार हैं :

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रोहित शर्मा, दानिश मालेवार, शेरफेन रदरफोर्ड, सूर्यकुमार यादव, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, कृष भगत, मयंक मारकंडे, मोहम्मद इज़हार, रघु शर्मा।

**चेन्नई सुपर किंग्स:** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), कार्तिक शर्मा (विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), अमन खान, शिवम दुबे, जैक फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, अंशुल कंबोज, जेमी ओवरटन, मैथ्यू शॉर्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजापनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील हुसैन, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।




# धुरंधर की यालीना की चमकी किस्मत? पर्दे पर निभाएंगी लेजेंड मधुबाला का किरदार, ये रही पूरी डिटेल..

डेस्क जगप्रेरणा।

***धुरंधर फिल्म में यालीना जमील के किरदार से खूब तारीफें बटोरने वाली नई नवेली हीरोइन सारा अर्जुन के हाथ एक और बड़ा प्रोजेक्ट लग गया है। बताया जा रहा है कि 3000 करोड़ी धुरंधर सीरीज के बाद अब सारा अर्जुन जल्द ही मधुबाला का रोल निभाते नजर आएंगी।***

वेराइटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक सारा अर्जुन को इस किरदार के लिए फाइनल कर लिया गया है। साथ ही जल्द ही इसकी शूटिंग भी शूरू हो जाएगी। खबरों के मुताबिक यह प्रोजेक्ट, जिसमें कई सालों से कई बार देरी हुई थी, अब सीधे स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगा।

## संजय लीला भंसाली बना रहे ये फिल्म..

फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली द्वारा समर्थित इस महत्वाकांक्षी फिल्म का निर्देशन जसमीत के रीन करेंगी, जो आलिया भट्ट और शेफाली शाह अभिनीत अपनी पहली फिल्म 'डार्लिंग्स' के लिए जानी जाती हैं। वैरायटी इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म का निर्माण जुलाई 2026 में शुरू होने की उम्मीद है। बजट की कमी के कारण फिल्म पहले रोक दी गई थी, लेकिन भंसाली के निर्माता बनने के बाद इसे गति मिली।



सारा जिन्होंने हाल ही में रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' से बॉलीवुड में डेब्यू किया है, मधुबाला के शाश्वत आकर्षण और पर्दे पर उनकी उपस्थिति को जीवंत करने के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव से गुजरेंगी।

वह इस भूमिका के लिए तैयारी शुरू कर चुकी हैं, जबकि दिलीप कुमार और किशोर कुमार की भूमिका निभाने वाले पुरुष कलाकारों के लिए कास्टिंग चल रही है।

## मधुबाला की विरासत को खंगालेगी फिल्म..

अभी तक बिना नाम वाली यह फिल्म भारतीय सिनेमा की महानतम अभिनेत्रियों में से एक मानी जाने वाली मधुबाला के जीवन और विरासत पर आधारित होगी। उनके शानदार करियर के साथ-साथ, यह बायोपिक उनके निजी संघर्षों, जिनमें दिलीप कुमार और उनके पति किशोर कुमार के साथ उनके रिश्ते, साथ ही 36 वर्ष की आयु में उनका असामयिक निधन शामिल है, पर भी प्रकाश डालेगी। खबरों के मुताबिक, शरवरी, कल्याणी प्रियदर्शन, साई पल्लवी और अनीट पड्डा जैसी अभिनेत्रियों से भी इस दिग्गज अभिनेत्री का किरदार निभाने के लिए संपर्क किया गया था। इन नामों की चर्चा भी खूब होती रही। लेकिन अब बताया जा रहा है कि सारा अर्जुन को इस रोल के लिए साइन कर लिया गया है। हालांकि इन खबरों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है और मेकर्स के बयान का इंतजार है।

# 55वीं सालगिरह पर झूम उठे राकेश रोशन, पत्नी संग क्यूट तस्वीरें शेयर कर दी बधाई..

डेस्क जगप्रेरणा।

***बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन के पिता रोशन ने आज अपनी 55वीं एनिवर्सरी मनाई है। राकेश रोशन ने इस मौके पर अपनी पत्नी संग क्यूट तस्वीरें शेयर कर खूब प्यार लुटाया है। रोशन ने इंस्टाग्राम पर पिंकी रोशन के साथ कई तस्वीरें पोस्ट कीं।***

तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा, 'हमने शादी के 55 साल पूरे कर लिए हैं और हम आज भी एफ़िल टावर से भी ज्यादा मजबूत हैं। मारी सालगिरह मुबारक हो।' पोस्ट साझा करने के तुरंत बाद, प्रशंसकों और दोस्तों ने कमेंट सेक्शन में इस जोड़े को बधाई दी। अभिनेता अनुपम खेर ने लिखा, 'आप दोनों को सालगिरह मुबारक हो। हमेशा प्यार और दुआएं।' वहीं उनकी बेटी सुनैना ने लिखा, 'मेरी धड़कनें।'

## 1971 में रचाई थी शादी..

इस दंपति का विवाह 1971 में हुआ था। पिंकी रोशन फिल्म निर्माता जे. ओम प्रकाश की बेटी हैं। उनके दो बच्चे हैं, सुनैना रोशन और अभिनेता ऋतिक रोशन। राकेश रोशन ने सबसे पहले एक अभिनेता के रूप में अपनी पहचान बनाई और 1970 और 1980 के दशक में कई फिल्मों में काम किया। बाद में वे हिंदी सिनेमा के सफल फिल्म निर्माताओं में से एक बन गए। उनके निर्देशन में बनी फिल्मों में खुदगर्ज, खून भरी मांग, किशन कन्हैया, करण अर्जुन, कहो ना... प्यार है, कोई... मिल गया और कृष फ्रैंचाइजी शामिल हैं। इस बीच, रोशन परिवार नए प्रोजेक्ट्स में व्यस्त है। उनके बेटे, अभिनेता ऋतिक रोशन 'कृष 4' से निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखने जा रहे हैं। इस सुपरहीरो फिल्म को यश राज फिल्म्स राकेश रोशन के सहयोग से बना रही है। ऋतिक फिल्म में अभिनय करने के साथ-साथ निर्देशन भी करेंगे। इसके अलावा ऋतिक मुंबई में बनी थ्रिलर फिल्म 'स्टॉर्म' के साथ निर्माता के रूप में ओटीटी स्पेस में भी प्रवेश कर रहे हैं। यह प्रोजेक्ट प्राइम वीडियो के लिए बनाया जा रहा है।



## परिवार पर बन चुकी है डॉक्यूमेंट्री..

बता दें कि ऋतिक रोशन का परिवार फिल्मी सितारों और कलाकारों से भरा पड़ा है। ऋतिक के पिता खुद भी एक दिग्गज डायरेक्टर और प्रोड्यूसर हैं। इसके साथ ही उनके चाचा भी संगीत की दुनिया का बड़ा नाम हैं। वहीं ऋतिक भी बॉलीवुड के सुपरस्टार बन गए हैं। हालांकि ऋतिक की बहन फिल्मी दुनिया से दूर हैं लेकिन सोशल मीडिया पर काफी पॉपुलर भी हैं। ऋतिक के परिवार पर नेटफ्लिक्स ने एक डॉक्यूमेंट्री भी बनाई है जिसका टाइटल है 'द रोशन्स' और इसे 2024 में रिलीज किया गया था।

# 'तारे जमीन पर' का नन्हा ईशान याद है? वक्त के साथ हो गए हैं हैंडसम हंक, हीरो जैसी बना ली पर्सनैलिटी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***जब भी आमिर खान की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली फिल्मों की बात होती है, उनमें 'तारे जमीन पर' का नाम सबसे पहले लिया जाता है। 2007 में रिलीज हुई इस फिल्म को दर्शकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था, खासतौर पर ईशान अवस्थी के किरदार में नजर आए दर्शील सफारी ने अपने अभिनय से सबको हैरान कर दिया था।***

दर्शील ने फिल्म में एक ऑटिस्टिक बच्चे की भूमिका निभाई थी, जिसे उसके पिता बोर्डिंग स्कूल में पढ़ने के लिए भेज देते हैं। इस फिल्म को रिलीज हुए अब 19 साल हो गए हैं और इन सालों में दर्शील भी काफी बदल गए हैं। दर्शील ने जब 'तारे जमीन पर' में काम किया था, उनकी उम्र मात्र 10 साल थी और अब वह 29 साल के हो चुके हैं। हाल ही में दर्शील की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें उनका ट्रांसफॉर्मेशन देखकर उनके फैंस भी हैरान हो गए हैं।

## 19 साल में इतना बदल गया लुक..

तारे जमीन पर में दर्शील ने एक भोले-भाले बच्ची की भूमिका निभाई थी और 10 साल की उम्र में उन्होंने जिस सिंसियेरिटी के साथ अभिनय किया, देखकर हर कोई हैरान रह गया। इस दौरान दर्शील 10 साल के थे और उनके सामने दो बड़े दांत थे, जो उन्हें और भी क्यूट बनाते थे। लेकिन, अब वह काफी बदल गए हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में दर्शील ने अपनी कुछ तस्वीरें और वीडियो साझा किए, जिनमें उनका ट्रांसफॉर्मेशन साफ तौर पर नजर आ रहा है।



बीते सालों में न सिर्फ दर्शील की उम्र बढ़ी है, बल्कि वो समय के साथ हैंडसम भी काफी हो चुके हैं और किसी हीरो से कम नहीं लगते।

## पहली ही फिल्म के लिए मिला अवॉर्ड..

दर्शील सफारी को अपनी पहली ही फिल्म के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला था। फिल्मों के अलावा दर्शील ने 'झलक दिखला जा' और 'कॉमेडी नाइट्स बचाओ' जैसे शोज में भी काम किया। साल2017 में वह क्विकी में लीड रोल में दिखाई दिए, ये बतौर हीरो उनका डेब्यू था, जो फ्लॉप रहा। वहीं पिछले दिनों वह ज्योतिराव फुले के जीवन पर आधारित फिल्म 'फुले' को लेकर चर्चा में रहे, जिसे लेकर कुछ विवाद भी हुए। यही नहीं दर्शील ने कुछ शॉर्ट फिल्मों में भी अपने अभिनय का लोहा मनवाया है।

## दर्शील सफारी का करियर..

बात करें, दर्शील सफारी के करियर की तो उन्होंने आमिर खान की 'तारे जमीन पर' से ही अपना डेब्यू किया था, जो 2007 में रिलीज हुई थी। इसमें उन्होंने ईशान अवस्थी नाम के ऑटिस्टिक बच्चे की भूमिका निभाई थी।

इसके बाद उन्होंने बतौर चाइल्ड एक्टर कई फिल्मों में काम किया, जिनमें 'बम्म बम्म बोले' (2011), 'मिडनाइट चिल्ड्रन' (2012) जैसी फिल्में शामिल हैं। इसके बाद कुछ सालों के लिए दर्शील ने एक्टिंग इंडस्ट्री से दूरी बना ली। मगर 2023 में उन्होंने फिर अभिनय की ओर वापसी की और 'कच्छ एक्सप्रेस', 'हुकुस बुकुस' में नजर आए और हाल ही में वह 'फुले' में नजर आए थे, जो 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433






## गोदरेज इंडस्ट्रीज की कैपिटल, रसायन कारोबार को सूचीबद्ध करने की योजनाः पिरोजशा..

मुंबई, (भाषा)।

***गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह की अगले पांच वर्षों में अपने दो अन्य कारोबारों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध करने की योजना है। समूह ने इस दौरान अपने बाजार पूंजीकरण को दोगुने से अधिक बढ़ाकर पांच लाख करोड़ रुपये से ऊपर ले जाने का लक्ष्य रखा है।***

समूह के नामित चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समूह अगले पांच वर्षों में 5,000-7,000 करोड़ रुपये तक का निवेश करेगा, लेकिन नए क्षेत्रों में प्रवेश करने के बजाय उसका ध्यान मौजूदा कारोबार को ही मजबूत करने पर रहेगा।

फिलहाल समूह की तीन सूचीबद्ध कंपनियों- गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, गोदरेज प्रॉपर्टीज और गोदरेज एग्रोवेट का संयुक्त रूप से बाजार पूंजीकरण 1.60 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

इसके अलावा, समूह की दो गैर-सूचीबद्ध इकाइयों का मूल्यांकन भी करीब 25,000 करोड़ रुपये है।

पिरोजशा गोदरेज ने पीटीआई-भाषा से कहा कि समूह अपने तीन में से दो कारोबारों को ही सूचीबद्ध करेगा, जिनमें 'कैपिटल' और 'केमिकल्स' कारोबार अग्रणी दावेदार हैं।

उन्होंने कहा कि तीसरा कारोबार 'गोदरेज वेंचर्स' है जो नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक आधुनिक फिल्म स्टूडियो विकसित कर रहा है और कार्यालय परिसंपत्तियों का प्रबंधन करता है।

उन्होंने बताया कि समूह का वित्तीय सेवा कारोबार गोदरेज कैपिटल सबसे तेजी से बढ़ने वाला खंड होगा और इसका प्रबंधन-अधीन परिसंपत्ति (एयूएम) 25,000 करोड़ रुपये से बढ़ाकर एक लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य है।

समूह ने कहा कि वह अधिग्रहण के बजाय अपने स्तर पर वृद्धि पर जोर देगा। हालांकि उन्होंने कुछ छोटे अधिग्रहण की संभावना से इनकार नहीं किया।

गोदरेज ने बताया कि समूह ने अगले चरण के लिए 15 प्रतिशत बिक्री वृद्धि, प्रति शेयर आय में 20 प्रतिशत वृद्धि और 18 प्रतिशत इक्विटी रिटर्न का लक्ष्य रखा है।

समूह कारोबार में विविधता पर भी जोर दे रहा



है और वर्ष 2031 तक अपने कुल कर्मचारियों में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं, दिव्यांगों और एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों की करने का लक्ष्य रखा है।

इसके अलावा, समूह ने अपने परमार्थ कार्यों के लिए गोदरेज फाउंडेशन में 1,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त निवेश किया है, जिससे सामाजिक कार्यों पर खर्च में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

गोदरेज इंडस्ट्रीज समूह ने बुधवार को एक नई ब्रांड पहचान की भी घोषणा की।

## चांदी 2,700 रुपये फिसली, सोना 300 रुपये टूटा

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफ बाजार में बुधवार को अमेरिका-ईरान शांति वार्ता को लेकर अनिश्चितता के बीच सोने की कीमत 300 रुपये टूटकर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही, जबकि***



चांदी 2,700 रुपये फिसलकर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 300 रुपये टूटकर 1,57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई, क्योंकि अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की बातचीत की योजना विफल हो गयी। हालांकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संघर्ष विराम की अवधि बढ़ा दी है।''

उन्होंने कहा कि प्रगति की कमी ने अनिश्चितता को बढ़ाए रखा, जिससे कच्चे तेल और डॉलर की कीमतों को समर्थन मिला, जबकि कीमती धातुओं के लिए यह एक बाधा साबित हुआ।

बाजार भागीदार घटनाक्रमों पर प्रतिक्रिया देते रहेंगे और कीमतों में उतार-चढ़ाव तब तक सावधानीपूर्वक 'इंतजार करो और देखो' के दृष्टिकोण को दर्शाता रहेगा, जब तक कि अधिक स्पष्ट संकेत सामने नहीं आ जाते। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर चांदी 1.46 प्रतिशत बढ़कर 77.80 डॉलर प्रति औंस हो गई, जबकि सोना 0.48 प्रतिशत बढ़कर 4,742.97 डॉलर प्रति औंस रहा।

एलकेपी सिक्योरिटीज में शोध विश्लेषण विभाग के उपाध्यक्ष (जिंस और मुद्रा) जतीन त्रिवेदी ने कहा, ''सोना तेजी के साथ खुला और सकारात्मक दायरे में रहा। इससे जारी संघर्ष विराम की उम्मीदों से समर्थन मिला। हालांकि, संघर्ष विराम की अवधि बढ़ाने के संबंध में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरोधाभासी बयानों ने बाजार में अस्थिरता को बढ़ाए रखा है।''

उन्होंने कहा कि वैश्विक घटनाक्रमों से मिल रहे मिश्रित संकेत सभी संपत्ति श्रेणियों में अनिश्चितता पैदा कर रहे हैं, जिससे सोने की कीमतों में तेज लेकिन अल्पकालिक उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। त्रिवेदी ने कहा, ''बाजार का ध्यान अब 29 अप्रैल को आने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति पर केंद्रित है, जो बाजार की दिशा तय करने में एक प्रमुख कारक साबित होगी।''

## बीते वित्त वर्ष कृषि निर्यात 2.8 प्रतिशत बढ़कर 52.55 अरब डॉलर पर..

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, देश का कृषि निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में 2.8 प्रतिशत बढ़कर 52.55 अरब डॉलर रहा। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि निर्यात 51.12 अरब डॉलर था।***



निर्यात में वृद्धि का कारण पारंपरिक ताकतों और उभरते उच्च-मूल्य वाले क्षेत्रों के संतुलित मिश्रण के साथ-साथ विभिन्न उत्पाद श्रेणियों में लगातार जारी विविधीकरण है।

एक अधिकारी ने बताया कि कृषि और संबद्ध उत्पाद इस क्षेत्र को लगातार मजबूती प्रदान करते रहे, जबकि समुद्री और बागवानी उत्पादों के निर्यात ने इसे एक नई गति दी। यह बेहतर मूल्य प्राप्ति और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई मांग को बताता है। दलहन निर्यात 21.83 प्रतिशत बढ़कर 94.81 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया। यह वैश्विक प्रोटीन आवश्यकताओं को पूरा करने में भारत की मजबूत होती स्थिति का संकेत है। पिछले वित्त वर्ष में, स्थिर मांग और बेहतर आपूर्ति श्रृंखलाओं के कारण ताजे फलों के निर्यात में 12.89 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 1.32 अरब डॉलर तक पहुंच गया।

आंकड़ों के अनुसार इसके अतिरिक्त, वनस्पति तेलों के निर्यात में 15.88 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 73.21 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया। वहीं, अनाज से तैयार प्रसंस्कृत और मूल्य-वर्धित खाद्य उत्पाद 7.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.01 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर गया। यह उच्च-मूल्य वाले कृषि-निर्यात की ओर बढ़ते रुझान को बताता है।

आंकड़ों के अनुसार काजू के निर्यात में 12.21 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 37.95 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया, जबकि कोको उत्पादों का निर्यात 7.59 प्रतिशत बढ़कर 31.79 करोड़ डॉलर रहा। इसी तरह, अन्य तिलहनों ने 84.39 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की। यह विशिष्ट कृषि वस्तुओं में उभरते अवसरों की ओर संकेत देता है। यहां तक कि गेहूं के निर्यात में भी तेज वृद्धि देखने को मिली। यह बढ़कर 1.03 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया। यह चुनिंदा बाजारों में नई गति और मांग के पुनरुद्धार का संकेत है।

## आरबीआई का प्रीपेड भुगतान कार्ड रूपरेखा को मजबूत करने का प्रस्ताव

मुंबई, (भाषा)।

***भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को प्रीपेड भुगतान साधनों (पीपीआई) के दीर्घकालिक विकास के लिए अधिक अनुकूल ढांचा विकसित करने हेतु कई उपाय प्रस्तावित किए हैं।***




इसमें बेहतर लेनदेन सुरक्षा, रिफंड और शिकायत निवारण पर स्पष्ट नियम शामिल हैं। पीपीआई एक ऐसा भुगतान साधन है, जिसमें पैसा डाला जाता है जो लेनदेन को सुगम बनाता है। इन साधनों में सामान्य उद्देश्यीय पीपीआई, ट्रांजिट पीपीआई (परिवहन विकल्पों में निर्बाध भुगतान के लिए डिजाइन किए गए), एनआरआई पीपीआई के साथ ही कुछ अन्य विशिष्ट उद्देश्य वाले पीपीआई शामिल हैं।

आरबीआई ने कहा कि लेनदेन की बढ़ी हुई सुरक्षा के साथ पीपीआई के दीर्घकालिक विकास के लिए निरंतर प्रयासों के तहत मौजूदा दिशानिर्देशों की व्यापक समीक्षा की गई है।

इस क्रम में प्रीपेड भुगतान साधन पर एक मसौदा मास्टर निर्देश जारी किया गया है और 22 मई, 2026 तक टिप्पणियां आमंत्रित की गई हैं।

मसौदे के अनुसार आरबीआई द्वारा डेबिट कार्ड जारी करने की अनुमति प्राप्त बैंक, भुगतान और निपटान प्रणाली विभाग (डीपीएसएस), केंद्रीय कार्यालय, आरबीआई, मुंबई को सूचना देकर पीपीआई जारी कर सकते हैं। एक गैर-बैंकिंग इकाई भी आरबीआई से मंजूरी लेने के बाद पीपीआई जारी कर सकती है।

मसौदे में कहा गया है, ÷गैर-बैंकिंग आवेदक का न्यूनतम नेटवर्थ पांच करोड़ रुपये होने चाहिए और उसे अपने वैधानिक लेखा परीक्षक से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।÷

इसके अलावा, गैर-बैंक पीपीआई जारीकर्ता को मंजूरी के तीसरे वित्त वर्ष के अंत तक न्यूनतम नेटवर्थ 15 करोड़ रुपये प्राप्त करने होंगे।

सामान्य उद्देश्य वाले पीपीआई के मामले में, आरबीआई ने प्रस्ताव किया है कि ऐसे पीपीआई में राशि किसी भी समय दो लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। ऐसे पीपीआई में नकद जमा राशि प्रति माह 10,000 रुपये तक सीमित होनी चाहिए। मसौदे में कहा गया है कि गिफ्ट पीपीआई का अधिकतम मूल्य 10,000 रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए। वहीं ट्रांजिट पीपीआई के मामले में यह सीमा 3,000 रुपये रखी गयी है।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करें.. मो. 9329033433


## सरकार ने विमानन ईंधन में एथनॉल, कृत्रिम हाइड्रोकार्बन के मिश्रण की मंजूरी दी

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार ने विमानों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन एटीएफमें एथनॉल और कृत्रिम हाइड्रोकार्बन के मिश्रण की अनुमति दे दी है लेकिन इसके लिए अभी कोई लक्ष्य तय नहीं किया गया है। एक सरकारी अधिसूचना से यह जानकारी मिली है।***



आवश्यक वस्तु अधिनियम (एस्मा) के तहत एटीएफ विपणन नियमन आदेश, 2001 में संशोधन के बाद यह कदम उठाया गया है। इससे एटीएफकी परिभाषा का दायरा बड़ा हो गया है जिससे कृत्रिम हाइड्रोकार्बन के मिश्रण की राह आसान हो गई है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की तरफ से जारी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के मुताबिक, एटीएफकी परिभाषा का विस्तार कर उसमें सिंथेटिक हाइड्रोकार्बन के साथ मिश्रण को शामिल किया गया है।

इस कदम का उद्देश्य उत्सर्जन में कमी लाना और कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता घटाना है। हालांकि, फिलहाल इसके लिए कोई अनिवार्य मिश्रण लक्ष्य तय नहीं किया गया है।

पुराने आदेश में संशोधन के तहत एटीएफको अब ऐसे हाइड्रोकार्बन मिश्रण के रूप में परिभाषित किया गया है, जो आईएस 1571 मानकों के अनुरूप हो या आईएस 17081 मानकों के तहत कृत्रिम हाइड्रोकार्बन के साथ मिश्रित हो। इससे नई तरह के ईंधन को शामिल करने का रास्ता साफहुआ है।

वैश्विक स्तर पर ब्रिटेन एवं जापान जैसे देश टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) के मिश्रण को अनिवार्य बना रहे हैं। यह ईंधन अपशिष्ट तेल, कृषि अवशिष्ट, शहरी कचरे और अन्य नवीकरणीय स्रोतों से तैयार किया जाता है। इसे कृत्रिम या मानव-निर्मित हाइड्रोकार्बन भी कहा जाता है।

भारत ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए वर्ष 2027 तक एक प्रतिशत, 2028 तक दो प्रतिशत और 2030 तक पांच प्रतिशत एसएएफ के मिश्रण का लक्ष्य रखा है। हालांकि, घरेलू उड़ानों में ईंधन के मिश्रण के लिए अभी कोई लक्ष्य तय नहीं किया गया है।


इस संशोधन के तहत प्रवर्तन प्रावधानों को भी अद्यतन किया गया है और तलाशी एवं जब्ती से जुड़े नियमों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अनुरूप बनाया गया है।

यह संशोधन 'विमानन ईंधन (विपणन नियमन) संशोधन आदेश, 2026' के नाम से अधिसूचित किया गया है और यह राजपत्र में प्रकाशन के साथ ही प्रभावी हो गया है।

## ईरान की गोलीबारी के शिकार तीन में से एक जहाज का संभावित गंतव्य था गुजरातः रिपोर्ट..

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***होर्मुज जलडमरूमध्य में बुधवार को ईरानी सैन्यबलों की गोलीबारी में निशाना बनने वाले तीन वाणिज्यिक जहाजों में से एक जहाज संभवतः गुजरात के मुंदड़ा बंदरगाह की ओर जा रहा था।***




शुरुआती शिपिंग आंकड़े से यह जानकारी मिली है। समुद्री निगरानी कंपनी 'मैरीनट्रैफिक' के मुताबिक, 'एपामिनोंडस' नामक कंटेनर जहाज ने अपने गंतव्य के रूप में मुंदड़ा बंदरगाह का संकेत दिया था। यह जहाज लाइबेरिया के झंडे के तहत संचालित हो रहा है और फिलहाल ओमान की खाड़ी क्षेत्र में मौजूद बताया गया है।

ईरान के विशेष सैन्यबल 'इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गॉर्ड कॉर्प्स' (आईआरजीसी) ने इस रणनीतिक जलमार्ग से गुजरते समय इन जहाजों पर गोलीबारी की। इस घटना में दो जहाजों को बाद में कब्जे में ले लिया गया और कम-से-कम एक जहाज को नुकसान भी पहुंचा। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

आईआरजीसी की गोलीबारी की जद में आने वाले अन्य जहाजों में 'एमएससी फ्रांसेस्का' श्रीलंका के हम्बनटोटा बंदरगाह की ओर जा रहा था जबकि 'यूफोरिया' जहाज का गंतव्य जेद्दा था।

ईरान ने दावा किया कि इन जहाजों ने समुद्री नियमों का उल्लंघन किया या चेतावनियों को नजरअंदाज किया। वहीं, कुछ समुद्री सूत्रों का कहना है कि कम-से-कम एक जहाज को पहले से अनुमति मिली हुई थी।

बंदरगाह, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने हाल ही में कहा था कि पिछले सप्ताह जलडमरूमध्य पार करने की कोशिश कर रहे दो भारतीय जहाजों पर भी गोलीबारी हुई थी, जिसके बाद उन्हें वापस लौटना पड़ा था।

हालांकि भारतीय ध्वज वाला टैंकर 'देश गरिमा' 18 अप्रैल को सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर चुका है और इसके जल्द मुंबई पहुंचने की उम्मीद है।

मंगल ने अंतर-मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में कहा था कि वर्तमान में फारस की खाड़ी क्षेत्र में 13 भारतीय ध्वज वाले और एक भारतीय स्वामित्व वाला जहाज फंसा हुआ है।

यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब ओमान सागर में अमेरिका द्वारा एक ईरानी वाणिज्यिक जहाज को जब्त किए जाने के बाद क्षेत्र में तनाव बढ़ा हुआ है। ईरान ने इस कार्रवाई को युद्धविराम का उल्लंघन बताया है।

## ट्रेंट का मुनाफा चौथी तिमाही में 32.57 प्रतिशत बढ़कर 413 करोड़ रुपये पर..

TRENT
LIMITED
A TATA Enterprise

नयी दिल्ली, (भाषा)।

***टाटा समूह की खुदरा कंपनी ट्रेंट लि. का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में सालाना आधार पर 32.57 प्रतिशत बढ़कर 413.1 करोड़ रुपये रहा।***

वेस्टसाइड, जूडियो और स्टार ब्रांड नाम से खुदरा स्टोर संचालित करने वाली कंपनी ट्रेंट लिमिटेड ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि पिछले साल जनवरी-मार्च तिमाही में उसने 311.6 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ दर्ज किया था।

इस बीच, ट्रेंट के निदेशक मंडल (बोर्ड) ने प्रत्येक दो इक्विटी शेयरों पर एक इक्विटी शेयर के बोनस शेयर को मंजूरी दी है और 600 प्रतिशत लाभांश की सिफारिश की है, जो एक रुपये के प्रत्येक इक्विटी शेयर पर छह रुपये बैठता है।

मार्च तिमाही में परिचालन से ट्रेंट का एकीकृत राजस्व 19.23 प्रतिशत बढ़कर 5,027.99 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की इसी तिमाही में 4,216.94 करोड़ रुपये था।

वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही में कंपनी का कुल खर्च 16.7 प्रतिशत बढ़कर 4,520.95 करोड़ रुपये हो गया। कुल एकीकृत आय 17.8 प्रतिशत बढ़कर 5,055.90 करोड़ रुपये रही।

पूरे वित्त वर्ष 2025-26 में ट्रेंट का लाभ सालाना आधार पर 12.18 प्रतिशत बढ़कर 1,721.33 करोड़ रुपये रहा। कुल एकीकृत आय 16.34 प्रतिशत बढ़कर 20,189.05 करोड़ रुपये रही।

कंपनी के चेयरमैन नोएल एन टाटा ने कहा, ''वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने उत्साहजनक प्रदर्शन किया और मजबूती के साथ कई व्यापक आर्थिक और वैश्विक घटनाक्रमों का सामना किया। हमारा मानना है कि एक बार वैश्विक स्तर पर स्थिति स्थिर हो जाने के बाद आने वाले महीनों में उपभोक्ता धारणा में और सुधार होगा।''






जग प्रेरणा
# देश विदेश
● म.प्र. ● महाराष्ट्र ● छ.ग. ● उड़ीसा ● राजस्थान ● गुजरात ● दिल्ली ● हरियाणा ● पंजाब ● जम्मू कश्मीर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## आखिर इतनी खास क्यों है जयपुर की मीनाकारी?
## जानें इससे जुड़ी कई अनसुनी बातें..

डेस्क जगप्रेरणा।

*'पिंक सिटी' जयपुर में सदियों पुरानी मीनाकारी कला आज भी अपनी चमक बिखेर रही है। यह कला रंग-बिरंगे इनेमल और बारीक कारीगरी के जरिए धातु को जीवंत रूप देती है और शाही विरासत को आज की दुनिया तक पहुंचा रही है।*



कारीगर कमल कुमार असाट, जिन्होंने इस कला को वर्षों तक निखारा है, कहते हैं कि मीनाकारी सिर्फ सजावट नहीं है, बल्कि यह धातु पर उकेरी गई भावनाएं हैं। उन्होंने कहा, 'हम जो भी रंग लगाते हैं और जो भी रेखाएं खींचते हैं, उनमें हमारी परंपरा का हिस्सा होता है। इसे बनाने में धैर्य और सटीकता की जरूरत होती है।'

### सोशल मीडिया ने मीनाकारी में फूंकी नई जान..

मीनाकारी की कला पीढ़ियों से चली आ रही है। जयपुर में असाट जैसे परिवार इस परंपरा को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ा रहे हैं और अब इसे अगली पीढ़ी को भी सिखा रहे हैं। कार्यशाला में वे अपनी बेटियों के साथ बैठकर धातु पर डिजाइन बनाते हैं, जहां परंपरा और नए विचारों का सुंदर मेल देखने को मिलता है। उनकी बेटी गर्गी असाट का कहना है कि यह कला समय के साथ बदल भी रही है। उन्होंने कहा, 'हमें गर्व है कि हम अपने पूर्वजों की इस विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं,

लेकिन हम नए डिजाइन और प्लेटफॉर्म भी अपना रहे हैं। सोशल मीडिया ने हमारी कला को दुनिया तक पहुंचाने में मदद की है।'

### कई चरणों में होती है मीनाकारी की प्रक्रिया..

वहीं उनकी दूसरी बेटी ख्याति ने बताया कि पहले यह कला केवल कार्यशालाओं और स्थानीय बाजारों तक सीमित थी, लेकिन अब ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए दुनिया भर के लोग इसे देख और सराह सकते हैं। मीनाकारी की प्रक्रिया कई चरणों में होती है। पहले सुनार आधार तैयार करता है, फिर एनामेल कलाकार उस पर रंग भरता है और अंत में पॉलिशर उसे चमक देता है। कमल कुमार असाट बताते हैं कि एक ही वस्तु को बनाने में कई कुशल हाथों की जरूरत होती है और यह एक धीमी प्रक्रिया है, लेकिन इसी वजह से हर वस्तु अनोखी और मूल्यवान बनती है।

### बहुत ही समृद्ध है मीनाकारी का इतिहास..

मीनाकारी कला का इतिहास मंदिरों के आभूषणों और शाही दरबारों से जुड़ा रहा है। आज यह कला वैश्विक मंचों पर भी अपनी पहचान बना रही है और अपनी रंगीन खूबसूरती के लिए सराही जा रही है। यह सिर्फ एक कला नहीं, बल्कि एक जीवित विरासत है,

जो कारीगरों के हाथों और उनकी कहानियों में जीवित रहती है। जयपुर, जिसे गुलाबी नगरी कहा जाता है, में हर हाथ से बनी वस्तु अतीत और भविष्य को जोड़ने वाली एक कड़ी बन जाती है। परंपरा और आधुनिकता के मेल से जयपुर की मीनाकारी यह साबित करती है कि जब रंग और कारीगरी मिलते हैं, तो इतिहास सिर्फ जीवित नहीं रहता, बल्कि और भी चमक उठता है।

## त्रिशूर पटाखा विस्फोट में घायल एक अन्य व्यक्ति की मौत, घटनास्थल से नौ शव बरामदः जिलाधिकारी..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*त्रिशूर में मुंडाथिकोड स्थित पटाखा बनाने वाली एक इकाई में हुए विस्फोट में घायल एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। इसके अलावा, घटनास्थल से नौ शव, 32 क्षत विक्षत अंग और कुछ कोमल ऊतक बरामद किए गए हैं। त्रिशूर जिला प्रशासन ने बुधवार को यह जानकारी दी।*

जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के अनुसार, विस्फोट में गंभीर रूप से घायल हुए प्रवीण (45) की अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में मौत हो गई। इससे पहले केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने सुबह एक बयान में कहा था कि विस्फोट स्थल से 26 क्षत विक्षत अंग बरामद किए गए हैं और पहचान के लिए उनकी डीएनए जांच करायी जाएगी। इसके चलते मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। केएसडीएमए के अनुसार, मंगलवार को पटाखा बनाने वाली एक इकाई में हुए इस हादसे में कम से कम 13 लोगों के मारे जाने की आशंका है।

जिलाधिकारी शिखा सुरेंद्रन ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि नौ शवों के अलावा, 32 क्षत विक्षत अंग और कुछ कोमल ऊतक बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि उनके रिश्तेदारों से मिली जानकारी के अनुसार, चार लोग लापता हैं और नियंत्रण कक्षों में प्राप्त विवरणों के मिलान के बाद यह संख्या बढ़ सकती है।



उन्होंने यह भी कहा कि घटना के बाद 10 लोग सुरक्षित घर लौट गए हैं, वहीं, कई घायलों का त्रिशूर मेडिकल कॉलेज में इलाज किया जा रहा है।

अधिकारी ने घायलों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 11 व्यक्तियों का त्रिशूर मेडिकल कॉलेज में इलाज किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि घटनास्थल पर तलाशी अभियान लगभग पूरा हो चुका है और वहां मौजूद बिना फटे पटाखों को सुरक्षित रूप से रखने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।

इससे पहले दिन में, राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने कहा कि राजीव गांधी जैव प्रौद्योगिकी केंद्र के विशेषज्ञ क्षत विक्षत अंगों और पूर्ण रूप से बरामद किए गए शवों के नमूने एकत्र करेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ दावों के अनुसार, विस्फोट के समय फैक्टरी में 40 कर्मचारी थे, लेकिन उनमें से कुछ लोग दिन में ही अपने घर लौट गए थे।

हालांकि, सटीक संख्या का पता लगाने के लिए जांच जारी है। उन्होंने बताया कि देर रात दो बजे तक पांच शवों का पोस्टमार्टम किया गया और तीन शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए। वहीं, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की राज्य इकाई ने बुधवार को एक बयान में कहा कि देश भर में बार-बार पटाखों की वजह से हादसे होते है जो सुरक्षा नियमों को लागू करने में गंभीर लापरवाही को दिखाता है। एसोसिएशन ने बयान में कहा गया, 'मौजूदा नियमों के बावजूद उनके क्रियान्वयन की प्रक्रिया कमजोर है। इस समय यह जरूरी है कि कड़े नियम बनाए जाएं और उनका सख्ती से पालन किया जाए।' विस्फोट के समय करीब 40 लोगों के मौजूद होने की आशंका है।

यह विस्फोट पटाखा बनाने वाली इकाई में उस वक्त हुआ जब मंदिर देवस्वओम के लिए त्रिशूर पूरम पर्व की खातिर पटाखे तैयार किए जा रहे थे। त्रिशूर पूरम पर्व 26 अप्रैल को है। स्थानीय निवासियों के अनुसार,

विस्फोट अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे हुआ और इसके बाद बीच-बीच में धमाके होते रहे, जिससे राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित हुआ। धान के खेतों के बीच एक सुनसान इलाके में बने कई अस्थायी शेड में पटाखे तैयार किए जा रहे थे।

## बीमारी से तंग आकर मां-बाप ने 3 साल की बेटी को फांसी के फंदे पर लटकाया, फिर परिवार ने कर लिया सुसाइड..



डेस्क जगप्रेरणा।

*हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 3 साल की बच्ची के साथ एक परिवार ने सुसाइड कर लिया। माता-पिता बेटी की बीमारी से तंग थे। तीनों के शव पंखे पर लटके मिले। पुलिस के मुताबिक, बेटी की गंभीर बीमारी को लेकर परिवार काफी परेशान था। इसी तनाव में माता-पिता ने बच्ची संग फांसी लगा ली।*

### घर में पंखें पर लटके मिले तीनों के शव..

पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह 6:30 बजे सुभाष मंडी चौकी को सूचना मिली कि प्रेम नगर कॉलोनी में एक घर में तीन लोगों ने फांसी लगा ली है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। देखा तो पति, पत्नी और उनकी 3 साल की बच्ची फांसी के फंदे पर लटक रही थी। तुरंत तीनों को नीचे उतारा गया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान जतिंद्र कुमार (30), पत्नी मंजू (28) और बेटी अदविका के रूप में हुई। जतिंद्र कुमार रेलवे मेल सर्विस में काम करता था।

मिली जानकारी के अनुसार, घर की पहली मंज़िल पर स्थित कमरा अंदर से बंद था। जब पुलिस वहां पहुंची और दरवाज़ा खोला, तो पति, पत्नी और उनकी तीन साल की बेटी अंदर फंदे से लटके हुए मिले। इस घटना का पता तब चला जब जितेंद्र के एक करीबी रिश्तेदार को उसका भेजा हुआ एक टेक्स्ट मैसेज मिला। इसके तुरंत बाद पुलिस को सूचना दी गई। कृष्णा गेट पुलिस स्टेशन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। शुरुआती जांच में पता चला कि इस दंपति की बेटी लकवे जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थी। इस वजह से पति-पत्नी दोनों ही लंबे समय से मानसिक तनाव में थे।

### रिटायर्ड पुलिसकर्मी का परिवार..

जतिंद्र कुमार के पिता महेंद्र सिंह पंजाब पुलिस से रिटायर्ड थे। महेंद्र सिंह की करीब 6 महीने पहले ही मौत हो चुकी है। उनके परिवार में सिर्फ मां बिमला देवी बची हैं। साथ ही एक भाई प्रतीक भी है, जो अपनी पत्नी और बच्चों के साथ कनाडा में रहता है।

थाना कृष्णा गेट के साह बलजीत सिंह के मुताबिक पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस को घटनास्थल से सुसाइड नोट बरामद हुआ है। पुलिस उसकी जांच कर रही है।

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग
सबसे कम कीमत पर
समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..
जगप्रेरणा ग्राफिक्स
गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433

## पहलगाम हमले की बरसी पर भारतीय सेना ने दी पाकिस्तान को चेतावनी, किसी भी हरकत का जवाब दिया जाएगा..

डेस्क जगप्रेरणा।

*पहलगाम आतंकी हमले की बरसी पर भारतीय सेना ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी जारी की है। सेना ने आतंक के खिलाफ जंग के अपने संकल्प को दोहराया है। सेना ने आधिकारिक हैंडल से ट्वीट कर के कहा है कि*




भारत के खिलाफ किसी भी कृत्य का जवाब निश्चित तौर पर दिया जाएगा। आपको बता दें कि बीते साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में स्थित बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने पर्यटकों समेत 26 लोगों की हत्या कर दी थी। आतंकियों ने लोगों से उनका धर्म पूछकर उन्हें गोली मारी थी। भारत के सशस्त्र बलों ने इसका बदला ऑपरेशन सिंदूर के जरिए लिया था।

### ऑपरेशन सिंदूर जारी है..

भारतीय सेना ने बुधवार को X पर अपने आधिकारिक हैंडल से एक ट्वीट किया। इस ट्वीट में लिखा था- 'भारत के खिलाफ कृत्यों का जवाब निश्चित तौर पर दिया जाएगा। न्याय जरूर किया जाएगा! हमेशा! सिंदूरवर्षगांठ न्याय कायम रहे, राष्ट्र सर्वोपरि।' इस पोस्ट के साथ सेना ने एक तस्वीर भी शेयर की है। इस तस्वीर में वर्दी पहने तीन सैनिक एक बड़े लाल घेरे में एक-दूसरे के बगल में खड़े हैं और तस्वीर पर कैप्शन में लिखा है- 'ऑपरेशन सिंदूर जारी है'

आपको बता दें कि इससे पहले 21 अप्रैल को पहलगाम हमले की पहली बरसी की पूर्व संध्या पर भी भारतीय सेना ने एक ट्वीट किया था। इस ट्वीट में लिखा था- 'जब मानवता की सीमाएं लांघ दी जाती हैं, तो जवाब निर्णायक होता है।' इस ट्वीट के साथ भी सेना ने एक पोस्टर जारी किया था जिसपर लिखा था- कुछ सीमाएं कभी लांघी नहीं जानी चाहिए।'

### भारत ने पाकिस्तान को सिखाया था सबक..

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत के सशस्त्र बलों ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान और पीओके में स्थित आतंकी ठिकानों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया था। इसके बाद पाकिस्तान की सेना ने भारत पर मिसाइल और ड्रोन से हमले शुरू किए थे। भारत ने पाकिस्तान के सभी हमलों को नाकाम कर दिया था। भारत ने पाकिस्तान के 12 प्रमुख एयरबेस को तबाह कर दिया था। लगभग 88 घंटे तक चले इस सैन्य संघ में पाकिस्तान को बड़ा नुकसान हुआ था और उसके कई विमान तबाह हो गए थे। इसके अलावा पाकिस्तान के सैकड़ों सैनिक और आतंकियों की मौत हुई थी। 20 मई को पाकिस्तान की अपील के बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ था।

## नेशनल हाईवे पर चलते ट्रक में लगी भीषण आग, देखते ही देखते जलकर हो गया खाक, मचा हड़कंप..

डेस्क जगप्रेरणा।

*ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में बुधवार को हड़कंप मच गया। यहां नेशनल हाईवे-16 पर पालासुनी ओवरब्रिज के पास एक चलते ट्रक में अचानक आग लग गई।*



देखते ही देखते ट्रक आग के गोले में बदल गई और पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के मुताबिक, यह ट्रक पारादीप से गुजरात जा रहा था। जैसे ही ट्रक पालासुनी ओवरब्रिज के पास पहुंचा, उसमें अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही पलों में पूरा ट्रक धू-धू कर जलने लगा। आसमान में काले धुएं के गुबार छा गए, जिससे सड़क पर चल रहे लोग घबरा गए और अपनी गाड़ियां रोक दीं।

इस दौरान ट्रक के ड्राइवर और हेल्पर ने समझदारी दिखाते हुए समय रहते वाहन से बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। दोनों को मामूली चोटें आई हैं, लेकिन वे पूरी तरह सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत आग बुझाने का काम शुरू किया। फायर कर्मियों की कार्रवाई से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आसपास के वाहनों को नुकसान होने से बचा लिया गया। हालांकि, इस घटना की वजह से नेशनल हाईवे-16 पर कई देर तक ट्रैफिक पूरी तरह ठप रहा।

ओवरब्रिज के दोनों तरफगाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्राथमिक जांच के अनुसार, आग लगने की वजह तेज गर्मी और हीटवेव को माना जा रहा है, लेकिन असली कारण अभी साफ नहीं हो पाया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। इस घटना ने सड़क पर सुरक्षा और वाहन की तकनीकी जांच को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## ट्रंप ने अमेरिका-ईरान युद्धविराम बढ़ाया; ईरानी सेना ने तीन जहाजों पर गोलीबारी की..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान के अनुरोध पर ईरान के साथ युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया है ताकि तेहरान के नेतृत्व को युद्ध समाप्त करने के लिए एक एकीकृत प्रस्ताव तैयार करने के वास्ते अधिक समय मिल सके।*



इस बीच, बुधवार को ईरानी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन जहाजों पर गोलीबारी की और उनमें से दो को जब्त कर लिया। ट्रंप की इस नाटकीय घोषणा का पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व ने स्वागत किया, और यह घोषणा दो सप्ताह के युद्धविराम की समाप्ति से कुछ ही घंटे पहले आई। ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी 'तसनीम' ने बताया कि तेहरान ने युद्धविराम बढ़ाने पर अपनी सहमति की पुष्टि करते हुए कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

दूसरे दौर की वार्ता को लेकर अनिश्चितता के चलते पाकिस्तान ने युद्धविराम की अवधि बढ़ाने का आग्रह किया था। अगले दौर की वार्ता की तारीख को लेकर अभी तक कोई स्पष्टता नहीं थी। बुधवार को, न्यूयॉर्क पोस्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप के हवाले से कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता का दूसरा दौर शुक्रवार को ही हो सकता है। अखबार ने ट्रंप के हवाले से कहा कि अगले 36 से 72 घंटों के भीतर ऐसा घटनाक्रम 'संभव' है। हालांकि, ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाक़ाई ने कहा कि तेहरान ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह इस्लामाबाद में पाकिस्तानी मध्यस्थता वाली वार्ता के नए दौर में भाग लेगा या नहीं।

बाक़ाई ने बुधवार को बीबीसी से कहा, 'हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि अगर हमें यह लगता है कि इस्लामाबाद जाना हमारे राष्ट्रीय हित में है, तो हम वहां जाएंगे। लेकिन फिलहाल, इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है।' तसनीम समाचार एजेंसी के अनुसार, 'रिवोल्यूशनरी गार्ड्स' ने दो जहाजों- 'एमएससी-फ्रांसेस्का' और 'एपामिनोड्स' को रोककर उनके माल, दस्तावेजों और संबंधित अभिलेखों के निरीक्षण के लिए ईरानी क्षेत्रीय जल में स्थानांतरित कर दिया। 'रिवोल्यूशनरी गार्ड्स' के एक बयान का हवाला देते हुए इसने कहा कि जब जहाजों को रोका गया, तब वे होर्मुज जलडमरूमध्य से 'निकलने का प्रयास कर रहे थे।' बीबीसी के अनुसार, 'यूफोरिया' नामक एक अन्य जहाज को 'गोलीबारी' के बाद रोक दिया गया। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ जब ट्रंप ने ईरान के साथ युद्धविराम को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ाने की घोषणा की।

ट्रंप ने मंगलवार को कहा, 'ईरान की सरकार में गंभीर मतभेद हैं। पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफके अनुरोध पर, हमें ईरान पर तब तक हमला रोकने के लिए कहा गया है जब तक कि उनके नेता और प्रतिनिधि एक एकीकृत प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं कर देते।' हालांकि, ट्रंप ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ईरान पर हमला करने से तभी परहेज करेगा जब ईरान का नेतृत्व बातचीत के लिए एक एकीकृत प्रस्ताव पेश करेगा। उन्होंने कहा कि ईरान के बंदरगाहों पर आर्थिक नाकाबंदी जारी रहेगी। इस बीच, ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका की आलोचना करते हुए कहा कि ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी 'युद्ध का कृत्य है और इस प्रकार युद्धविराम का उल्लंघन है'। ईरान युद्ध की शुरुआत 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के हमलों के साथ हुई थी।

## हमीरपुर में चट्टान से टकराई कारः
## पिता की मौत, पुत्र घायल..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*हमीरपुर में बुधवार को एक कार सड़क किनारे एक चट्टान से टकरा गयी जिससे 55 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसका किशोर बेटा घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह दुर्घटना भीरा इलाके में हुई, जब वाहन सड़क से नीच उतर गया और एक चट्टान से टकरा गया। उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान बिलासपुर जिले के बड़ा गांव निवासी प्रेमचंद के रूप में हुई,*

जबकि इस दुर्घटना में उनके बेटे दीक्षित (17) को चोटें आई हैं। पुलिस के अनुसार, चंद अपने बेटे के इलाज के लिए हमीरपुर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल जा रहे थे तभी भीरा के पास उन्होंने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया। हादसे में दोनों घायल हो गए, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। घायलों को यहां के मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्रेमचंद को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि दीक्षित का फिलहाल इलाज चल रहा है। उसने बताया कि दुर्घटना में वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) बलबीर सिंह ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।




जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा ग्रामीण
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
भुमेश्वर धमगाये गोरेगांव
मो. 9637631171

## खरीफ सीजन के लिए ग्राम स्तर पर सूक्ष्म नियोजन करें, विधायक संजय पुराम के कृषि विभाग को निर्देश..

### देवरी में तीन तहसीलों की संयुक्त समीक्षा बैठक, उर्वरक, बीज और कृषि योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर जोर..



जगप्रेरणा देवरी।

***आगामी खरीफसीजन की पृष्ठभूमि में किसानों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े, इसके लिए कृषि विभाग ग्राम स्तर पर सूक्ष्म नियोजन* (Micro Planning) *करे।***

उर्वरक और बीजों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध कराने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करें, यह निर्देश विधायक संजय पुराम ने दिए।

पंचायत समिति सभागार, देवरी में आमगांव, सालेकसा और देवरी इन तीन तहसीलों की संयुक्त तहसील स्तरीय खरीफ पूर्व समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए वे बोल रहे थे। मंच पर उपविभागीय कृषि अधिकारी रुपेश मेश्राम, कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष प्रमोद संगीडवार और नगरपालिका अध्यक्ष संजय उईके प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करें..

मार्गदर्शन करते हुए विधायक पुराम ने कहा कि खाद वितरण का उचित नियोजन कर यह सावधानी बरतें कि बीज और उर्वरकों की कमी न हो। कृषि विभाग की सभी योजनाओं, प्रशिक्षण शिविरों और कार्यक्रमों की जानकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को समय पर दें, ताकि इस प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी रहे और योजनाएं अंतिम छोर के किसानों तक पहुँच सकें।

### पीएम-किसान और 'पोकरा' पर विशेष ध्यान..

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि **(PM-KISAN)** योजना से एक भी पात्र लाभार्थी वंचित न रहे, इसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया तुरंत पूरी की जाए। साथ ही, नानाजी देशमुख कृषि संजीवनी परियोजना (पोकरा) के तहत पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाने के लिए क्षेत्रीय कर्मचारी प्रभावी मार्गदर्शन और व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दें।

### पानी फाउंडेशन के लिए जन-जागरूकता का आह्वान..

पानी फाउंडेशन के कार्यों के बारे में बात करते हुए विधायक पुराम ने गांव, क्लस्टर और विभाग स्तर पर उचित नियोजन कर अधिक से अधिक गांवों को इस प्रतियोगिता में शामिल करने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि खरीफसीजन को सफल बनाने के लिए कृषि विभाग क्षेत्रीय स्तर पर बड़े पैमाने पर जन-जागरूकता अभियान चलाकर किसानों से सीधा संवाद साधे।

इस बैठक में तीनों तहसीलों के क्षेत्रीय अधिकारी, कर्मचारी और विभिन्न विभागों के तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक की सफलता के लिए देवरी के तहसील कृषि अधिकारी डी. यू. बेलेकर, सालेकसा की तहसील कृषि अधिकारी नम्रता चौधरी और आमगांव के तहसील कृषि अधिकारी राहुल साबले ने अथक प्रयास किए।

## गोंदिया जिला प्राथमिक शिक्षक सहकारी पतसंस्था बड़ा सम्मान और गुणगौरव समारोह जोश के साथ



जगप्रेरणा आमगांव।

***गोंदिया जिला प्राथमिक शिक्षक सहकारी पतसंस्था सोसाइटी लि. गोंदिया (र.नं 01) ने सड़क अर्जुनी तहसील में सेवावृत्ती शिक्षक का सम्मान और होनहार छात्रो का सम्मान समारोह बड़े जोश के साथ किया।***

आशीर्वाद लॉन, शेंडा रोड, सड़क अर्जुनी में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिले के सेवानिवृत्त शिक्षक उनके परिवार, होनहार छात्र और पालक शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला परिषद अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर ने की। कार्यक्रम में जिला परिषद गोंदिया के उपाध्यक्ष सुरेश हर्षे, पद्मश्री डॉ. परशुराम खुने, **IAS** डॉ. पंकज पटले, पंचायत समिति सभापती चेतन वडगाये, सेंट्रल बैंक के डायरेक्टर गंगाधर परशुरामकर, जिला परिषद सदस्य भूमेश्वर पटले, चंद्रकला डोंगरवार, उपसभापती निशा काशीवार, पंचायत समिति सदस्य शिवाजी गहाने, अलाउद्दीन राजानी, डॉ. रुकीराम वधई, सपना नाईक, वर्षा शहारे और दूसरे बड़े लोग मौजूद थे।

शिक्षा प्रशासन और सामाजिक क्षेत्र के बड़े लोगों की मौजूदगी खास रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाकर और स्वागत गीत से हुई, संस्था के कार्य के काम का आढावा करते हुए, अध्यक्ष किशोर डोंगरवार ने शिक्षक कीसेवा और सदस्य द्वारा संस्था की विकास के लिए दिखाए गए भरोसे की तारीफ की।

सेवानिवृत्त शिक्षक को शॉल, श्रीफल और स्मुतीचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अलग-अलग क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रो को भी सम्मानित किया गया। जहां गणमान्य लोगों ने अपनी भाषण में समाज में शिक्षक के योगदान पर ज़ोर दिया, वहीं **IAS** डॉ. पंकज पटले ने अपनी राय दी कि 'शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं और उन्हीं की वजह से देश की आने वाली पीढ़ी बनती है,'और अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक और पालक को देते हुए आभार जताया।

इस कामें गोंदिया जिले के सभी सेवानिवृत्त शिक्षक सदस्य और उनके जीवन साथी शामिल हुए और अपना सम्मान स्वीकार किया। साथ ही, बड़ी संख्या में गुणवंत और पालक ने शामिल होकर कार्यक्रम की खूबसूरती बढ़ाई। आए हुए लोगों के अचानक शामिल होने की वजह से कार्यक्रम सफल रहा कार्यक्रम संचालक संदीप तिड़के और उमेश रहांगडाले ने कंडक्ट किया।

प्रोग्राम के आखिर में संस्था की तरफ से धन्यवाद दिया गया। ऑर्गनाइजेशन के प्रेसिडेंट किशोर बा. डोंगरवार, वाइस प्रेसिडेंट अशोक धोन थे। बिसेन, ब्रांच प्रेसिडेंट गौतम बांते, विनोद बडोले, शोभेलाल ठाकुर, साथ ही डायरेक्टर दिलीप लोदी, राजेंद्र बोपचे, सतीश दमाहे, मिसेज भारती तिड़के, कु नीतू दहात, मैनेजर ज्योति प्रकाश गजभिये और सभी स्टाफ ने प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। मौजूद लोगों ने कहा कि इस सेरेमनी ने टीचर्स के काम को सम्मान दिया और स्टूडेंट्स को प्रेरित किया।

## वृक्षारोपण के साथ-साथ संरक्षण भी जरूरी, मेरिटोरियस में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया..





जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***स्थानीय मेरिटोरियस पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर वन विभाग के चंद्रकुमार पारधी एवं संजय कुमार***

अंबुले तथा विद्यालय के प्राचार्य प्रफुल तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पृथ्वी के पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए प्रदूषण-मुक्त वातावरण की अत्यंत आवश्यकता है। इसके साथ ही केवल वृक्षारोपण ही नहीं, बल्कि लगाए गए वृक्षों का संरक्षण और संवर्धन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

उपस्थित वन विभाग के प्रतिनिधियों ने वृक्षों के संरक्षण एवं संवर्धन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन शीतल राऊत ने किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाला यह उपक्रम विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने वाला सिद्ध हुआ।

## पृथ्वी हमारी माँ है, पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करें- प्राचार्य डी. आर. गिरीपुंजे..



जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***हरे-भरे पेड़ शुद्ध हवा देते हैं, यही जीवन की सच्ची पूंजी है। आइए, हम धरती का सम्मान करें और पर्यावरण का संतुलन बनाए रखें। हम सब मिलकर अपनी पृथ्वी की रक्षा करें—पेड़ लगाएं, पेड़ बचाएं।***

पृथ्वी बचाओ, जीवन बचाओ। हरित भविष्य के लिए अपना योगदान दें, प्रदूषण कम कर प्रकृति को सुरक्षित रखें। स्वच्छ और सुंदर पृथ्वी आने वाली पीढ़ियों के लिए संजोकर रखें।

ये विचार प्राचार्य डी.आर. गिरीपुंजे ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर भिवरामजी विद्यालय एवं कनिष्ठ महाविद्यालय, वडेगांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। यह कार्यक्रम प्रतिभा शिक्षण संस्था के सचिव पंकज चौधरी की अध्यक्षता में तथा प्राचार्य डी.आर. गिरीपुंजे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर संस्था के सचिव पंकज चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्लास्टिक का उपयोग कम करें, अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनका संरक्षण करें। उन्होंने सभी से अपील की कि वसुंधरा हमारी माँ है, इसे स्वच्छ और सुरक्षित रखने में सभी अपना योगदान दें।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भी अपने विचार साझा किए और छात्राओं ने मधुर समूह गीत प्रस्तुत कर विश्व पृथ्वी दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन विवेक बंसोड़ ने किया तथा आभार प्रदर्शन आर.एस. मेश्राम ने किया। कार्यक्रम की सफलता के लिए जी.एन. बिसेन, एस.पी. भगत, ए.बी. राठौड़, जे.सी. लांजेवार, एस.पी. टेंभरे, उत्कर्ष बोरकर, नंदा बोरकर, गायत्री बिसेन, एस.के. कटरे, अनीता उपरीकर, वी.वी. मेश्राम, संगीता वाल्दे और विनोद धावड़े आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### खुली जगह से हँडल लॉक कर रखी मोटर सायकल चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत वाहन चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 19/4/2026 के दोपहर 1 बजे से 6 बजे के दरम्यान डोंगरगाव खजरी मे फर्यादी प्रतिक देवराम रहांगडाले उम्र 20 वर्ष निवासी गोपालटोली ने अपनी मोटरसाइकल क्रमांक एम एच 35 बी 6236 किमत 70 हजार रुपये की डोंगरगाव खजरी पट के बाजु मे हँडल लॉक कर रखी थी। जब घर जाने के लिये निकले तो देखा की मोटसायकल जगह पर नही थी घटना समय के दरम्यान किसी अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 195/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा राकेश राऊत पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

### तुम मेरे बारे मे क्यो बात करते हो बोलकर की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 21/4/2026 के शाम 5 बजे के दरम्यान ग्राम बकी मे महीला फर्यादी उम्र 65 वर्ष निवासी बकी और आरोपी रिश्तेदार होकर पुराने विवाद पर उनकी बातचित बंद थी। घटना के दिन फर्यादी अपने देवर से बात कर रही थी। वहा आरोपी ने आकर कहा की मेरे बारे मे क्यो बात कर रहे हो बोलकर गाली गलोच की फर्यादी का बेटा बिच मे आया तो उसे भी बास की लकड़ी से मारपीट की और फर्यादी को भी मारपीट करने से दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 196/2026 धारा 118,1,352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा कोटांगले 1394 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

### झाड़ को रस्सी बांधकर लगाई फांसी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 20/ 4/2026 के रात टोयाटोला मे कार्तिक नरेश पर तेती उम्र 26 वर्ष निवासी टोयाटोला ने घटना की रात मे घर सोने जा रहा हु बोलकर घर के पास महुवा के झाड को रस्सी बांधकर फांसी लगाई है, फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 15/2026 धारा 194 भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा वानखेडे 1184 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

### खेत मे दवाई छिडकाव करते समय तबीयत खराब हुवे महिला की उपचार के दौरान मौत मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के अर्जुनी मोर पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 21/4/2026 के सुबह 8 बजे के दरम्यान मोरगाव मे महिला फर्यादी उम्र 47 वर्ष निवासी मोरगाव अपने खेत मे दवाई छिड़काव कर रही थी। दवाई मारते समय उसकी तबीयत खराब हुई उसे उपचार के लिये सरकारी अस्पताल मोरगाव अर्जुनी मे भर्ती कराया गया जहा उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। डाक्टर के मेमो और फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे अर्जुनी मोर मे अकस्मात मौत क्रमांक 17/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जाँच पोहवा पुण्यप्रेडीवार 227 पोस्टे अर्जुनी मोर कर रहे है।

## आयुष्यमान आरोग्य मंदिर गोरेगांव मे जन आरोग्य समिती की स्थापना





जगप्रेरणा गोरेगांव।

***दिनांक 22/04/2026 को यु एच डब्ल्यू सी नागरी आयुष्यमान आरोग्य मंदिर गोरेगाव मे जन आरोग्य समिती की स्थापना की गई। अध्यक्षपद पर नगरसेवक श्रीमती तीमेश्वरी ताई पटले,***

उपाध्यक्ष पद पर डॉ. विनोद चव्हाण सर तालुका वैद्यकीय अधिकारी गोरेगाव, सचिव पद पर डॉ. योगेश पटले वैद्यकीय अधिकारी यु एच डब्ल्यू सी गोरेगाव इनकी नियुक्ती हुई। इस स्तोर पर श्री. रघुपती अगडे सर नगरसेवक गोरेगाव, श्रीमती. विद्या रहांगडाले मॅडम, श्री.हर्षल पंडिलवार सर, श्री.गुरुदेव राऊत सर, श्री. सचिन लोणारे आरोग्य सेवक युएचडब्ल्यूसी गोरेगाव, श्री. पंकज काटेवार, श्रीमती. संगीता चौधरी उपस्थित थे।

## ग्रेज्युएशन दिन संपन्न




जगप्रेरणा तिरोड़ा।

आदर्श भारत पब्लिक स्कूल तिरोडा में ग्रेज्युएशन दिन के उपलक्ष में विविध कार्यक्रम लिया गया जिसमे विद्यार्थी, पालक वर्ग एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे। सामाजिक कार्यकर्ते अब्दुल रफीक शेख इनके अध्यक्षता में प्राचार्य नरेश जाधव इनके प्रमुख उपस्थिती में कार्यक्रम संपन्न हुवा।

कार्यक्रम में विद्यार्थी, पालक वर्ग, एवं कर्मचारी योंको प्रमाण पत्र एवं उपहार भेट स्वरूप कार्यक्रम के अध्यक्ष अब्दुल रफीक शेख और प्राचार्य इनके द्वारे दिये गये। कार्यक्रम में विद्यार्थीयोने अपनी कला एवं गुणवत्ता का उदाहरण पेश किया। कार्यक्रम का संचालन दमयंता तुरकर ने किया एवं आभार प्रदर्शन प्रिया शहारे मॅडम ने किया।




दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# रिश्ते को शर्मसार कर मामा के घर की भांजी और दामाद ने गहनों की चोरी, शौचालय टंकी में छिपाए गहने..





### आमगांव पुलिस ने किया चोरी के मामले में खुलासा..

### आरोपी पति- पत्नी भतीजी और दामाद को किया गिरफ्तार.. पुलिस ने 5 लाख के कीमती गहने जब्त करने में कामयाबी हासिल की..

गणेश भदाड़े,
जगप्रेरणा आमगांव।

***जैसे जैसे युग बदल रहा है, इस कलयुग में स्थितियां बद से बदत्तर होती जा रही है। आर्थिक लाभ के लिये रिश्तों का कत्ल करने से भी लोग नहीं चूक रहे हैं। आज के जमाने में भौतिक सुखों की चाह इस कदर हावी हो चली है कि लोग अवैध काम धंधे, चोरी डकैती करने से भी नहीं बाज आ रहे, तथा दिन प्रतिदिन इस तरह के अपराध बढ़ने लगे हैं,***

तथा इसी क्रम में अब एक और ऐसा आश्चर्यचकित करने वाला मामला सामने आया है कि जिसमें एक भांजी ने अपने पति के साथ मिलकर मामा के घर पर अमानत के रुप में रखे जेवरों को ही चुरा लिया, और फिर बात जब पुलिसिया रिपोर्ट तक पहुंच गई, और जांच में चोरी का माल पुलिस ने बरामद कर लिया, तो भांजी और उसके पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, तथा इस स्थिति में जहां भारतीय संस्कृति में भांजी और दामाद को भगवान की तरह पूजा जाता है, और बड़ा मान दिया जाता है, वहीं अब भांजी और दामाद की करतूत से जहां उनका सम्मान खत्म हो गया, वहीं उन्हें रिश्तों से भरोसा खत्म करने का अपराधी बनाते हुए जेल की सलाखों का भागीदार भी बना दिया।

### क्या है मामला..

इस मामले में प्राप्त जानकारी के आमगांव तहसील के ग्राम शिवनी की रहने वाली शिकायतकर्ता संजूबाई रामकिशन पाथोड़े उम्र 39 वर्ष के पास उसकी ननद ने अपने घर का निर्माण कार्य चलने के कारण अपने गहने सुरक्षा के लिए संजूबाई को दे दिए थे।

संजूबाई ने ये गहने बेडरूम में एक लकड़ी के बक्से में रखे थे, तथा संजुबाई के घर में 14 मार्च को जन्मदिवस का कार्यक्रम था, कार्यक्रम ठीक तरह से संपन्न हो गया, उसके बाद दिनांक 22 मार्च को अचानक ननद के गहनों की याद संजुबाई को आई, तो उसने गहने जहां रखे थे, वहां देखे तो गहने गायब थे, ऐसै में संजु बाई को ननद की अमानत चोरी चले जाने का भारी अफसोस हुआ, और उसने फिर गहनों की चोरी की शिकायत पुलिस थाना आमगांव में दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरु की।

### और फिर आमगांव पुलिस ने 1 महीने की सुक्ष्म जांच..

गौरतलब है कि संजुबाई के घर पर रखे 5 लाख के गहने चोरी हो जाने की शिकायत पर पुलिस ने संजुबाई से संदिग्ध लोगों और घर में आने जाने वालों के संबंध में पूछताछ की, तो वहीं संजुबाई के घर में जन्मदिन के कार्यक्रम में आने वाले रिश्तेदारों पर भी नजरें रखते हुए संदिग्ध लोगों से पूछताछ की, जिसमें एक महीने की जांच पड़ताल के बाद आखिरकार पुलिस असली चोर भांजी और भांजी दामाद तक पहुंच गई, और उनसे चोरी के गहने बरामद करते हुए उन्हें गिरफ्तार करने की कार्यवाही भी की।

### शौचालय की टंकी और तालाब के पास छिपाकर रखे थे गहने..

आमगांव पुलिस के पीआई तिरुपति अशोक राणे ने बताया कि 14 मार्च को फरियादी के घर में चोरी हुई और उसके बाद 22 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई गई। चोरी की घटना के 8 दिन बाद रिपोर्ट दर्ज होने के बाद गहने बरामद करना और चोरों तक पहुंचना अधिक चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि रिश्तेदारों के बीच चोरी के संदर्भ में पूछताछ करने से पुलिस भी स्वयं को असहज महसुस कर रही थी, तथा इस स्थिति में जब अनेक लोगों को पूछताछ करने की स्थिति का सामना करना पड़ता है, तो उनकी असहजता भी स्पष्ट प्रदर्शित होती है, ऐसी ही स्थितियों का सामना करते हुए आखिरकार आमगांव पुलिस ने फरियादी की भांजी और उसके पति से पूछताछ की, तो फिर चोरी का खुलासा हो ही गया।

दोनों आरोपी पति पत्नी ने चोरी करना स्वीकार कर लिया और उनके बताए ठिकानों से पुलिस ने गहने भी बरामद कर लिये। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के बताए अनुसार गहने चोरी करने वाली भांजी के घर के शौचालय की पेटी एवं तालाब के पास जहां उन्होंने दबाये थे, बरामद किये गए। अब आरोपीयों के खिलाफ विधिवत कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी भांजी ने संजुबाई के घर जन्मदिन के कार्यक्रम के दौरान मौके का फायदा उठाकर चोरी कर लिये थे। आमगांव पुलिस ने यह भी बताया कि चोरी का पता लगाने के लिये विभिन्न ज्वेलर्स दुकानों से लेकर संभावित हर स्थिति पर नजरें रखते हुए जांच की गई।

### इनका रहा सराहनीय योगदान..

गौरतलब है कि चोरी के इस मामले पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे और उपविभागीय पोलिस अधिकारी प्रमोद मडामे के मार्गदर्शन में जांच टीम में पुलिस निरीक्षक तिरुपति अशोक राणे, पोहवा दूधराम मेश्राम, असीम मन्यार, पोशि चेतन शेंडे, नितिन चोपकर, भगवत कोडापे, मिलनसिंह मंजुते और दिनेश वानखेड़े शामिल थे। इस बोल्ड एक्शन के लिए आमगांव पुलिस की हर जगह तारीफहो रही है

# गोंदिया के वन परिक्षेत्र अधिकारी (आरएफओ) दिलीप कौशिक सस्पेंड

### पीसीसीएफ रंजन ने की कार्यवाही..




**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया के वनपरिक्षेत्र अधिकारी (आरएफओ) दिलीप कौशिक के खिलाफ कई शिकायतों का संज्ञान लेते हुए, पीसीसीएफ ऋषिकेश रंजन (पर्सनल) ने 21 अप्रैल को एक ऑर्डर जारी किया है, जिसमें वनपरिक्षेत्र अधिकारी कौशिक को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। उप वनसंरक्षक पवनकुमार जोंग ने कार्रवाई की पुष्टि की है और बताया है कि उन्होंने बुधवार को वनपरिक्षेत्र अधिकारी कौशिक को ऑर्डर की कॉपी दे दी है। पता चला है कि वनपरिक्षेत्र अधिकारी कौशिक के खिलाफ अपनी ड्यूटी में लापरवाही के बारे में कई शिकायतें थीं और अनुशासनात्मक आधार पर कार्रवाई करते हुए, पीसीसीएफ रंजन ने उनके खिलाफऑर्डर जारी किया।

# मक्का बिक्री के लिए किसानों को 30 अप्रैल तक करना होगा ऑन लाइन पंजीकरण..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** सरकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) खरीद योजना के अंतर्गत रबी विपणन सीजन 2025-26 में मक्का बेचने के लिए किसानों को सरकार के अधिकृत बीईएम पोर्टल पर 1 से 30 अप्रैल 2026 के बीच ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। गोंदिया जिले के सभी मक्का उत्पादक किसानों से अपील की गई है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीकरण करें। आवश्यक दस्तावेजों में रबी सीजन 2025-26 का फसल पंजीकरण (ऑनलाइन 7/12 उतारा और नमूना 8), आधार कार्ड, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर तथा यदि संयुक्त 7/12 उतारा है तो अन्य धारकों की सहमति पत्र और उनके आधार कार्ड शामिल हैं। किसानों को 30 अप्रैल 2026 तक निर्धारित सरकारी मक्का खरीद केंद्रों पर जाकर पंजीकरण पूरा करने और योजना का लाभ लेने का आग्रह जिला प्रशासन द्वारा किया गया है।

# रेशम उत्पादन और इलेक्ट्रिक मोटर रिपेयरिंग का मुफ्त प्रशिक्षण..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवक-युवतियों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित करने हेतु आरएसईटीआई (ग्रामीण स्वयंरोजगार प्रशिक्षण संस्था) के माध्यम से मुफ्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण में रहने, खाने, चाय-नाश्ते, यूनिफॉर्म, स्टेशनरी और प्रशिक्षण सामग्री की पूरी व्यवस्था निःशुल्क की जाती है। प्रशिक्षण में 75 प्रतिशत प्रैक्टिकल और 25 प्रतिशत थ्योरी शामिल है, साथ ही व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल, मार्केटिंग, डिजिटल और कंप्यूटर कौशल भी सिखाए जाते हैं।

रेशम पालन प्रशिक्षण 25 अप्रैल से 6 मई 2026 तक तथा इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग व रिपेयरिंग प्रशिक्षण 27 अप्रैल से 27 मई 2026 तक प्रदान किया जायेगा। यह प्रशिक्षण 18 से 45 वर्ष आयु के ग्रामीण बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए है। इच्छुक उम्मीदवार जल्द से जल्द पंजीकरण करें। इस प्रशिक्षण के लिये आवेदकों को स्टार स्वयंरोजगार प्रशिक्षण संस्था, कुड़वा (गोंदिया) के समक्ष आवेदन जमा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए मो. 9764087919 / 86981401 05/ 983489507 7 पर संपर्क किया जा सकता है।

- सूचना -
यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें।

# कौशल विकास विभाग द्वारा राज्यस्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती के अवसर पर कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार विभाग द्वारा राज्यस्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई है। प्रतियोगिता का विषय है - डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा महिलाओं के लिए किए गए कार्य..। प्रतियोगिता में छात्र और आम नागरिक भाग ले सकते हैं। निबंध जमा करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2026 है। गट 1: आईटीआई/डिप्लोमा/छात्र (500 - 800 शब्द) गट 2: खुला वर्ग (800-1200 शब्द)। निबंध मौलिक होना चाहिए, कॉपी पाए जाने पर अयोग्यता होगी। निबंध हस्तलिखित या टाइप किया जा सकता है, लेकिन अंतिम सबमिशन पीडीएफ में जमा करना अनिवार्य है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31,000, द्वितीयः 21,000 तथा तृतीय पुरुस्कार के रुप में 11,000 रुपये की धनराशि प्रदान की जरयेगी। अधिक जानकारी के लिए जिला कौशल विकास कार्यालय, गोंदिया से संपर्क किया जा सकता है।

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

# भारतीय संविधान में है ओबीसी को राजा बनाने का मार्ग - महेंद्र सिंह लोधी

### गोंदिया में आयोजित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती पर आयोजित समारोह में ओबीसी नेता ने जगाई चेतना..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***शूद्र के रूप में विभिन्न जातियों में बिखरे हुए ओबीसी समाज को शिक्षा को अपनाना चाहिए, क्योंकि भारतीय संविधान में ओबीसी के लिए राजा बनने का मार्ग प्रशस्त है। यह दृढ़ विश्वास मध्य प्रदेश के ओबीसी नेता महेंद्र सिंह लोधी ने व्यक्त किया। श्री लोधी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे।***

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती उत्सव समिति के अध्यक्ष अरविंद भावे ने की। मंच पर भाईचारा समिति के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे। आगे बोलते हुए महेंद्र सिंह ने कहा कि डॉ. आंबेडकर जयंती का मंच गुलामी करने वालों को इस देश का मालिक बनने का मंत्र सिखाता है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 340 हमारा भाग्यविधाता है। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को यह अपेक्षा थी कि यह '340 वाला समाज' कभी न कभी जरूर जागेगा। लेकिन आज अपने अधिकारों के लिए लड़ने के बजाय ओबीसी समाज धार्मिक कथा-कहानियों में उलझा हुआ है। ओबीसी समाज को संगठित होने का आग्रह करते हुए महेंद्र सिंह ने आगे कहा कि सन 1971 से ओबीसी की जनगणना नहीं हुई है, जबकि इस देश में पशु-पक्षियों और जानवरों की गणना होती है। यदि एक बार जनगणना हो जाए, तो चालीस हजार उपजातियों वाले ओबीसी समाज को 65 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग जाति की पूजा करते हैं, वही आरक्षण का विरोध करते हैं। उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि ओबीसी समाज को अभी तक यह भी नहीं पता कि आरक्षण वास्तव में क्या है। केंद्र सरकार के आरएसएस (ऋस्स) के नियंत्रण में होने का दावा करते हुए महेंद्र सिंह ने कहा कि हमें यह पहचानने की जरूरत है कि हमारे अधिकारों का विरोध कौन कर रहा है। उन्होंने प्रतिज्ञा व्यक्त की कि मध्य प्रदेश राज्य ओबीसी जागृति का केंद्र बनेगा। उन्होंने आगे कहा कि बहुजन समाज पर शैक्षणिक क्षेत्र में होने वाले अन्याय को दूर करने के लिए यूजीसी जैसे संस्थान मौजूद हैं।

इस अवसर पर भाईचारा समिति के सत्कार मूर्तियों ने कहा कि अंबेडकरवादी विचारधारा के बिना भारत के पास कोई विकल्प नहीं है। जयंती समिति के अध्यक्ष श्री भावे ने समिति के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का शानदार संचालन जयंती समिति के महासचिव डॉ. अश्विन खांडेकर ने किया। जयंती के अवसर पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को अभिवादन करने के लिए सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ जुटी थी। शहर के विभिन्न मार्गो से होकर कई झांकियों के साथ भव्य जुलूस निकाले गए। इस दौरान अंबेडकरवादी विचारधारा के अनुरूप पुस्तकों के स्टॉल भी लगाए गए थे। साथ ही, आगंतुकों को वितरित करने के लिए छाछ, नाश्ता, फल और ठंडे पेय के स्टॉल भी लगाए गए।

जयंती के कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से दिनेश उके (उपाध्यक्ष), अंकुर गजभिये (सचिव), किशोर रामटेके (कोषाध्यक्ष), राजश्री गोंडाने (संयोजक), सुनील भरणे, पंकज वासनिक, विलास वासनिक, सुनील मेश्राम, अनंत टेम्भुनीकर, सुशील गणवीर, नानाजी शेन्डे, पृथ्वीराज कोल्हटकर आदि शामिल थे।

# वीसीए ने 'बॉलर्स की खोज' के लिए खुले ट्रायल्स की घोषणा की..



**जगप्रेरणा गोंदिया।** विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) द्वारा विदर्भ क्षेत्र के विभिन्न जिलों में बॉलर्स की खोज के लिए खुले ट्रायल्स आयोजित किए जा रहे हैं। यह जानकारी गोंदिया डिस्ट्रीक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव मुकेश बारई ने दी है, तथा उन्होंने कहा है कि इस पहल का उद्देश्य उभरती हुई गेंदबाजी प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें आगे बढ़ाना है। यह कार्यक्रम आगामी विदर्भ प्रीमियर लीग सीज़न 2 के अंतर्गत आयोजित किया जाएगा, जो वीसीए की जमीनी स्तर पर क्रिकेट को मज़बूत करने और महत्वाकांक्षी गेंदबाज़ों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मुकेश बाराई ने आगे बताया कि ट्रायल्स में पुरुष और महिला दोनों इच्छुक गेंदबाज़ों को आसानी से भाग लेने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। प्रतिभागियों का मूल्यांकन अनुभवी कोचों और चयनकर्ताओं द्वारा किया जाएगा, जिसमें तेज़ गेंदबाज़ी की क्षमता, स्पिन की संभावना और समग्र गेंदबाज़ी कौशल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों को नागपुर में उन्नत प्रशिक्षण शिविरों में आमंत्रित किया जाएगा, जहां उन्हें विशेष कोचिंग, फिटनेस मार्गदर्शन और वरिष्ठ पेशेवरों से मार्गदर्शन मिलेगा। चुने गए गेंदबाज़ों को विदर्भ प्रीमीयर लीग सीज़न 2 में सहभागी होने का अवसर मिलेगा, जो 1 जून से 15 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

इस पहल पर वीसीए प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि विदर्भ हमेशा से क्रिकेट प्रतिभा की जन्मस्थली रहा है। इन खुले ट्रायल्स के माध्यम से हमारा लक्ष्य क्षेत्र के हर कोने तक पहुँचना और उभरते गेंदबाज़ों को प्रतिस्पर्धी मंच पर कदम रखने का समान अवसर देना है। हमारा विज़न एक मज़बूत खिलाड़ियों की श्रृंखला तैयार करना है, जो राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विदर्भ का प्रतिनिधित्व कर सके। ट्रायल्स पुरुष गेंदबाज़ों के लिए 16 से 25 वर्ष और महिला गेंदबाज़ों के लिए 15 से 23 वर्ष की आयु सीमा में खुले हैं। ये ट्रायल्स प्रत्येक ज़िला स्थल पर आयोजित किए जाएंगे। प्रतिभागियों को सलाह दी जाती है कि वे क्रिकेट परिधान (सफ़ेद रंग वांछनीय ) और मान्य आयु प्रमाण पत्र के साथ स्थल पर रिपोर्ट करें।

विस्तृत कार्यक्रम और स्थानों की घोषणा शीघ्र ही वीसीए की आधिकारिक वेबसाइट और सोशल मीडिया चैनलों पर की जाएगी। अधिक जानकारी के लिये गोंदिया के ईच्छुक क्रिकेटर मुकेश बाराई सचिव, गोंदिया डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन, राजू लिमये क्रिकेट मैनेजर से मो. 9763007587 पर तथा नियाज़ शेख कॉर्डिनेटर से मो. 9326110530 एवं 9422834766 पर संपर्क कर सकते हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com